
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



रामायण अब चीन, जापान रूस व दक्षिण कोरिया में होगी रिलीज

जुहू चौपाटी पर छठ पर्व में हुईं शामिल

वर्ष : 12 | अंक : 319 | लखनऊ, 18 नवम्बर ,बुधवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**खबर संक्षेप**

### यूपी में चिराग पासवान का बड़ा एलान

लखनऊ। लोजपा (रामविलास) यूपीकी सभी 403 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने मंगलवार को लखनऊ में यह घोषणा करते हुए कहा कि यूपी विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की सहमति से लिया गया है। हालांकि, पार्टी किस गठबंधन के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी या अकेले लड़ेगी, इस पर अभी निर्णय नहीं हुआ है।



### सम्राट चौधरी ने भेजा गन्ना विकास रथ

पटना। डीएम सम्राट चौधरी मंगलवार को गन्ना किसानों को अहम तोहफा दिया है। उन्होंने पटना से गन्ना विकास रथ-2026 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। इस रथ के जरिए आधुनिक खेती और सरकारी योजनाओं को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। बताया जा रहा है कि यह रथ राज्य के विभिन्न गांवों में जाकर किसानों को गन्ने की उन्नत किस्मों और खेती के बारे में जानकारी देगी।



### औद्योगिक क्षेत्रों में निर्बाध बिजली देने बनेंगे सब-स्टेशन

रांची। झारखंड में उद्योगों के विकास को गति देने और निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए राज्य के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में डेडिकेटेड सब-स्टेशन बनाए जाएंगे। सीएम हेमंत सोरेन के विजन के अनुरूप ऊर्जा विभाग ने पहल की है। झारखंड ऊर्जा विकास निगम के सीएमडी सह झारखंड बिजली वितरण नि.लि. के एमडी के श्रीनिवासन ने योजना तैयार की है।



## 16 दिसंबर तक जुड़वा या सुधरवा सकेंगे अपना नाम

अमन लेखनी समाचार/लखनऊ,

मंगलवार को जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के मुताबिक, प्रदेश में पुरुष मतदाताओं की संख्या 7 करोड़ 38 लाख 58 हजार 510 है। पिछली सूची में पुरुष मतदाताओं की संख्या 7 करोड़ 30 लाख 71 हजार 61 है। पिछली सूची के मुकाबले लगभग 7.87 लाख पुरुष मतदाता बढ़े हैं। प्रदेश में महिला मतदाताओं की संख्या भी बढ़ी है। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में महिला मतदाताओं की संख्या 6 करोड़ 20 लाख 6 हजार 353 है। वहीं, पिछली सूची में महिला मादाताओं की संख्या 6 करोड़ 9 लाख 9 हजार 525 थी। महिला मादाताओं की संख्या करीब 10.97 लाख बढ़ी है।

# यूपी की वोटर ड्राफ्ट सूची जारी, 7 महीने में बढ़े 19 लाख नए मतदाता,महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ी

यूपी की वोटर का एसएसआर किया जा रहा है। आज एसएसआर की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी कर दी गई। जिसके तहत ड्राफ्ट मतदाता सूची में कुल 13.58 करोड़ मतदाता हैं...



### अनुमानित आबादी से 2.58 करोड़ मतदाता कम

ड्राफ्ट वोटर लिस्ट और साल 2026 की अनुमानित आबादी के आंकड़ों में एक अंतर देखने को मिला है। अनुमान के मुताबिक, उत्तर प्रदेश की आबादी के हिसाब से तकरीबन 16.16 करोड़ मतदाता होने चाहिए लेकिन ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में सिर्फ 13.58 करोड़ मतदाताओं के नाम दर्ज है। यानी अनुमानित संख्या के मुकाबले वोटर लिस्ट में तकरीबन 2 करोड़ 58 लाख मतदाता कम हैं।

### युवा मतदाताओं की संख्या में आई कमी

ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के मुताबिक, युवा मतदाताओं की संख्या कम हुई है। नई लिस्ट में 11 लाख 83 हजार 252 मतदाता हैं, जबकि 10 अप्रैल की पिछली सूची में इनकी संख्या 17 लाख 63 हजार 360 थी। युवा मतदाताओं की संख्या करीब 5.80 लाख घटी है। नई सूची में जेंडर रेशियो 840 है जबकि पिछली सूची में यह 834 था. वहीं, ईपीआर रेशियो यानी मतदाता-जनसंख्या अनुपात भी 55.17 से घटकर 55.05 हो गया है। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने, किसी जानकारी में सुधार कराने या आपत्ति दर्ज कराने के लिए 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक का समय दिया गया है। नये और आपत्तियों का निपटारा 28 दिसंबर तक किया जाएगा। चुनाव आयोग ने ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने, सुधार कराने या आय कोई आपत्ति दर्ज कराने के लिए एक महीने का समय दिया है। 4 जनवरी 2027 को फाइनल वोटर लिस्ट का प्रकाशन किया जाएगा।

## नवीन ने उप्र भाजपा की दो दिवसीय योजना बैठक में मिशन-2027 की तैयारियों को परखा

# कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा 2027 में लगातार तीसरी बार हासिल करेगी ऐतिहासिक विजयः नितिन नवीन

डॉ. राजकुमार सिंह चौहान
प्रधान संपादक / लखनऊ,



भारतीय जनता पार्टी की दो दिवसीय योजना बैठक मंगलवार को मथुरा के परखम स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय गौ-विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में संपन्न हुई। बैठक के दूसरे दिन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने उपस्थित पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन किया। इस दौरान आगामी तीन महीनों की कार्ययोजना, संगठनात्मक गतिविधियों, सहयोगी दलों के साथ समन्वय और वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन का उत्तर प्रदेश में यह पांचवां प्रवास है, इससे पहले वे पश्चिम, अवध, काशी और गोरखपुर क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं।

इस दो दिवसीय योजना बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं मंत्री पंकज चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष, राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, राष्ट्रीय महामंत्री स्मृति ईरानी, हरीश द्विवेदी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं बृजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मथुरा पहुंचने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं मंत्री पंकज चौधरी तथा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं बृजेश पाठक ने स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके पश्चात सभागार में विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय अशोक सिंघल की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का आह्वान बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संगठन की तैयारियों, व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने, केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने का आह्वान किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस, आजाद समाज पार्टी और एआईएमआईएम सहित किसी भी विपक्षी दल को उत्तर प्रदेश में सफलता नहीं मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा चिह्नित देश की चार प्रमुख श्रेणियों - महिला, करीब, युवा और किसान, के सशक्तिकरण और कल्याण को लक्ष्य बनाकर केंद्र और प्रदेश सरकार ने अनेक योजनाएं संचालित की हैं। भाजपा इन्हीं उपलब्धियों और जनकल्याणकारी कार्यों के आधार पर जनता के बीच जाएगी।

## पूर्वांचल में सपा का शक्ति प्रदर्शन

# गोरखपुर में अखिलेश यादव का 20 किमी लंबा रोड शो आज

अमन लेखनी समाचार/लखनऊ,



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव इस बार गोरखपुर केवल एक कार्यक्रम में शामिल होने नहीं आ रहे, बल्कि सियासी ताकत का बड़ा संदेश देने की तैयारी में हैं। चौरी चौरा के देवकली में 18 नवंबर को होने वाले उनके कार्यक्रम का स्वरूप बदल दिया गया है। अब इसमें करीब 20 किलोमीटर का रोड शो भी जोड़ दिया गया है।

अखिलेश यादव गोरखपुर एयरपोर्ट से पीडीए रथ पर सवार होकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेंगे। पार्टी की रणनीति इस आयोजन को पूर्वांचल में शक्ति प्रदर्शन के रूप में स्थापित करने की है।

### दो घंटे से अधिक समय में पूरा होगा रोड शो

अखिलेश यादव 18 नवंबर को दोपहर 12 बजे गोरखपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से रोड शो शुरू होगा, जो करीब दो घंटे से अधिक समय में पूरा होगा। रोड शो को देखते हुए पार्टी ने कार्यकर्ताओं की जुटान का दायरा भी बढ़ा दिया है।

# नीतीश सेतु पर सियासत से नाराज ललन का आरजेडी पर पलटवार

एजेंसी ▶▶| पटना



कच्ची दरगाह-राघोपुर-बिदुपुर सिक्स लेन ब्रिज का नाम नीतीश सेतु रखे जाने पर सियासत का दौर तेज है। नामकरण पर राजद के तेजस्वी यादव की आलोचना पर जदयू के वरीय नेता सह केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने पलटवार किया है। उन्होंने जवाब बहाने बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव व रबड़ी देवी के कामकाज को याद दिलाई है।

**खबर संक्षेप**

### दिल्ली एक्यूआई में सुधार, हटीं पाबंदियां

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप स्टेज 3 की पाबंदियां हटा दी गई हैं। एयर क्वालिटी मैनेजमेंट कमीशन (सीएक्यूएम) की ग्रैप सब-कमेटी ने रोजाना एक्यूआई में गिरावट के ट्रेंड को देखते हुए यह फैसला लिया है। मंगलवार को दिल्ली का एक्यूआई 204 दर्ज किया गया। हालांकि, ग्रैप स्टेज 1 और स्टेज 2 के तहत लागू सभी कार्रवाइयां और पाबंदियां जारी रहेंगी। इससे पहले, दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते एयर पॉल्यूशन को देखते हुए सीएक्यूएम की ग्रैप सब-कमेटी ने ग्रैप के तीसरे चरण यानी ग्रैप-3 को लागू करने का फैसला किया था।



### सिर्फ 25 घंटे के लिए भारत आएंगे बालेन

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह 22 नवंबर को भारत आएंगे। वे दिल्ली में सिर्फ करीब 25 घंटे रुकेंगे। इस साल प्रधानमंत्री बनने के बाद बालेन शाह का यह पहला विदेशी दौरा है। बालेन शाह की नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 30 मिनट तक अकेले में बातचीत होगी।



## सुप्रीम कोर्ट अब 9 दिसंबर को सुनेगा एसआईआर की याचिकाएं

# 48 सवालों पर नोटिस जारी करने से इंकार विपक्ष की दो अर्जियों पर सुनवाई स्थगित

तुरंत चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयोग (ईसीआई) के अधिकार को चुनौती देने वाली विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई टल गई है। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने मामले को आगे बढ़ाते हुए अगली सुनवाई के लिए 9 दिसंबर 2026 की तारीख तय की है। मंगलवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच को इन याचिकाओं पर सुनवाई करनी थी, लेकिन लंच के बाद एक अतिरिक्त रूप से सूची गई याचिका पर सुनवाई होने और दोपहर 3:30 बजे एक विशेष बेंच बैठने के कारण मामले को टाल दिया गया।

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं की ओर से दाखिल एक नई अर्जी का जिक्र किया। इस अर्जी में देशव्यापी एसआईआर की निर्णय प्रक्रिया पर चुनाव आयोग से 48 लिखित सवाल पूछने की अनुमति मांगी गई है। सिब्बल ने कहा कि वे आयोग से कुछ सवालों पर जवाब चाहते हैं। इस पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि कोर्ट अगली तारीख तय कर रहा है और उस दिन इस अर्जी पर भी सुनवाई कर फैसला लिया जाएगा।

### सीईसी ज्ञानेश कुमार पर गड़बड़ी करने का लगाया गया है आरोप



### क्या लिखा था विपक्षी नेताओं की अर्जी में?

राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, संजय राउत और सुप्रिया सुले समेत कई विपक्षी नेताओं ने अपनी अर्जी में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी, उप चुनाव आयुक्त सचिन प्रकाश गेंदुरे और आयोग के महानिदेशक (आईटी) से हलफनामे पर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ताओं ने सवाल उठाया है कि क्या एसआईआर से जुड़े फैसले चुनाव आयोग ने सामूहिक रूप से लिए थे या सीईसी ने अन्य आयुक्तों की सहमति के बिना अपनी शक्तियों का इस्तेमाल किया। साथ ही ऑनलाइन फॉर्म-6 में संशोधन और ईसीआईनेट व इरोनेट डेटाबेस के कामकाज पर भी सवाल उठाए गए हैं।

### अगली सुनवाई पर टिकीं सबकी निगाहें

इससे पिछले में विपक्षी नेताओं ने अदालत में एक अर्जी दाखिल कर चुनाव आयोग से 48 बिंदुओं पर स्पष्टीकरण और हलफनामा मांगा था। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि देशभर में एक जैसा एसआईआर कराने, डिजिटल सिस्टम को तेजीपूर्वक करने और मतदाता सूची से जुड़े फैसलों को पूरी प्रक्रिया को रिकॉर्ड के आधार पर सामने रखा जाना चाहिए।सुप्रीम कोर्ट द्वारा नोटिस जारी करने से इंकार किए जाने के बाद अब सभी की निगाहें 9 दिसंबर को होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी हैं। याचिकाकर्ताओं ने 26 अक्टूबर को दाखिल चुनाव आयोग के जवाबी हलफनामे को महज कोरा दावा बताया है। वहीं, चुनाव आयोग ने अपने 249 पन्नों के जवाब में एसआईआर का बचाव करते हुए आरोपों को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि फॉर्म-6 में कोई बदलाव नहीं किया गया है तथा यह हलफनामा सीमों आयुक्तों की सर्वसम्मति से दाखिल किया गया है।

### योगी को चुनाव आयोग का जवाब

#### 'हम धर्म-जाति का रिकॉर्ड नहीं रखते'

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राज्य की वोटर लिस्ट से करीब 1.27 करोड़ हिंदू वोटरों के नाम गायब होने को लेकर जताई गई चिंता पर राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग या राज्य का चुनाव विभाग वोटरों का कोई भी रिकॉर्ड धर्म या जाति के आधार पर नहीं रखता है। मतदाता डेटाबेस में केवल मतदाता का नाम, पिता या पति का नाम, आयु, मतदान केंद्र और लिंग से जुड़ी जानकारी ही दर्ज होती है। इसमें धर्म और जाति का कोई कॉलम या डिटेल नहीं होती। एक इंटरव्यू में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया था कि राज्य की पिछली चुनाव वोटर लिस्ट में शामिल करीब 1.27 करोड़ हिंदू मतदाताओं के नाम भारत निर्वाचन आयोग की वोटर लिस्ट से गायब हैं। उन्होंने ऐसे 66 लाख वोटरों के आंकड़े भी जिक्र किए, जिनमें सरकारी योजनाओं के 55 लाख हिंदू लाभार्थी और 10 से 19 वर्ष की आयु वर्ग के करीब 4.5 लाख युवा मतदाता शामिल हैं, जिनके नाम कथित तौर पर सूची से काट गए हैं।

## होर्मुज में जहाज पर फिर हमला

# पनामा के झंडे वाले टैंकर पर मिसाइल अटैक, सवार सभी 24 भारतीय सुरक्षित

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने मंगलवार को बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में पनामा के झंडे वाले एलपीजी टैंकर 'तारा गैस' को निशाना बनाया गया। जिस जहाज को निशाना बनाया गया, उस पर 24 भारतीय नागरिक सवार थे। गनीमत रही कि इस हमले में जहाज पर सवार सभी 24 भारतीय नागरिकों समेत चालक दल के सभी 25 सदस्य सुरक्षित हैं और किसी के घायल होने की खबर नहीं है। यह मिसाइल हमला 16 नवंबर को हुआ था। सोनोवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा एक पोस्ट में कहा कि जहाज पर सवार सभी 24 भारतीय नागरिकों और चालक दल के बाकी सदस्यों समेत कुल 25 लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं। किसी को चोट नहीं आई है। उन्होंने कहा, 'हम स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं और अपने नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जहाज प्रबंधन कंपनी के लगातार संपर्क में हैं।'

### ईरान ने जारी किया अमेरिकी फाइटर जेट मार गिराने का फुटेज

ईरान की सरकारी मीडिया ने नवंबर 2026 में अप्रैल 2026 के संघर्ष के दौरान अमेरिकी वायु सेना के एफ-15ई स्ट्राइक ईगल विमान को मार गिराने का वीडियो पहली बार जारी किया। यह घटना 3 अप्रैल 2026 को हुई थी। वीडियो संभवतः कैमरे से लिया गया है जिसमें विमान पर मिसाइल लगने, आग लगने, तेजी से नीचे गिरने और बड़े विस्फोट के साथ जमीन से टकराने का दृश्य दिखता है। आईआरजीसी के ऑपरेटरों ने इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने खोरेमू घरघर डिफेंस सिस्टम से विमान को ट्रैक किया और फिर फायर किया। यह फुटेज संघर्ष समाप्त होने के कई महीनों बाद जारी किया गया है ताकि ईरान अपनी वायु रक्षा क्षमताओं को उजागर कर सके। यह विमान 494वीं फाइटर स्क्वाड्रन का था जिसका कॉल साइन इग्ल्स 44 था। यह विंग के आरएएफ लेकनहीथ बेस से जुड़े यूनिट का हिस्सा था और मध्य पूर्व में तैनात था।

## बैंक-एटीएम की सुरक्षा जांची छात्राओं को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

नगराम। अपराध नियंत्रण और महिला सुरक्षा को लेकर नगराम पुलिस ने मंगलवार को विशेष अभियान चलाया पुलिस ने थाना क्षेत्र के बैंकों और एटीएम का औचक निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरों इमरजेंसी अलार्म और सुरक्षा इंतजामों की पड़ताल की इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की भी सघन जांच की गई इधर मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत पूर्व माध्यमिक विद्यालय शाह मोहम्मदपुर अपेया में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं महिलाओं और बच्चों को सुरक्षा अधिकारों एवं साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई पुलिस ने 1090,112,181,1076 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया और यूपी कॉप एप व महिला हेल्प डेस्क की जानकारी भी साझा की। वही नगराम थाना प्रभारी अंजनी सिंह ने बताया कि बैंकों और एटीएम की नियमित चेकिंग से आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा रहा उन्होंने महिलाओं और छात्राओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की समस्या या साइबर ठगी की स्थिति में बिना संकोच तत्काल पुलिस और हेल्पलाइन सेवाओं का सहारा लें।

# प्रदेश में सिमट रहा फाइलेरिया संक्रमण

**रामपुर के बाद चार और जिले फाइलेरिया मुक्त होने की कगार पर**

**19 नवंबर से शुरू हो रहे एमडीए में 90 प्रतिशत से अधिक लोगों को दवा खिलाने में सफल हुए तो और घटेगा संक्रमण**

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ । प्रदेश में फाइलेरिया उन्मूलन अंतिम दौर में है। कभी 51 जिलों के 782 ब्लाक तक फैली इस बीमारी का संक्रमण काफी घट गया है। रामपुर फाइलेरिया मुक्त घोषित हो चुका है। वाराणसी, आजमगढ़, मऊ व महोबा भी फाइलेरिया मुक्त होने की कगार पर हैं। 19 नवंबर से शुरू हो रहे सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान में अगर 90 प्रतिशत से अधिक लोगों को हम फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने में सफल रहे तो संक्रमण और घट जाएगा। राज्य फाइलेरिया अधिकारी डॉ. एके चौधरी ने यह जानकारियां मंगलवार को स्थानीय होटल में आयोजित मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला में दीं। सेंटर फार एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में उन्होंने बताया कि इस बार शुरू हो रहे एमडीए अभियान में 16 जिलों के 53 ब्लाक में ही फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि संक्रमण किस स्तर पर घटा है। 412 ब्लाक नान एंडमिक हो गए हैं। इसके अलावा 149 ब्लाक में नाइट ब्लड सर्वे के दौरान संक्रमण काफी कम मिला है। सिर्फ 117 ब्लाक (फरवरी 2026 में 64 ब्लाक तथा नवम्बर 2026 में 53 ब्लाक) में एमडीए कराने की जरूरत पड़ी है। डॉ चौधरी ने बताया कि इस बार के एमडीए के लिए सघन तैयारी की गई है। बेसिक व माध्यमिक शिक्षा, पंचायती राज विभाग, यूपीएसआरएलएम, एनएसएस समेत सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर उनका सहयोग लिया जा रहा है। अभियान 6500 गांव में चलाया जाएगा जिसके लिए 2680 टीमें. 8730 आशा तैनात की गई हैं। अभियान के दौरान 859 आयुष्मान आरोग्य मंदिर में फाइलेरिया रोधी दवाएं उपलब्ध रहेंगी। इसके अलावा स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने दवा खिलाएंगी। इस बार कानपुर नगर, उन्नाव, कानपुर देहात, चित्रकूट, सीतापुर, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती, प्रयागराज, गोण्डा, हरदोई, कन्नौज, बलिया, फरुर्खाबाद, फतेहपुर व कौशांबी के 53 ब्लाक में एमडीए अभियान होना है। सबसे ज्यादा फतेहपुर में 11 ब्लाक, उसके बाद सीतापुर में 10 व कानपुर देहात में सात ब्लाक हैं। उन्होंने बताया कि इन 16 जिलों में एक लाख 91 हजार 487 कभी न दवा खाने वाले और पांच लाख 38 हजार 351 प्रवासी लोगों की सूची तैयार है। इसके अलावा तीन लाख 31 हजार 368 इनकार करने वाले लोगों को भी इस अभियान में दवा खिलाई जाएगी। इससे पहले निदेशक डॉ रेखा रानी ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि फाइलेरिया उन्मूलन केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों, स्थानीय निकायों, शैक्षणिक संस्थानों, पंचायती राज संस्थाओं और सामुदायिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। कार्यशाला के दौरान रोगी हितधारक मंच (पीएसपी) के सदस्य उन्नाव से आए प्रधान रामबाबू, सीतापुर की ररिता देवी व कानपुर के बसंत लाल गुप्ता ने पत्रकारों के सामने अपने अनुभव व समुदाय से मिलने वाले सहयोग पर चर्चा की। कार्यशाला में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के उपमहाप्रबंधक डॉ अताउर रहमान, संयुक्त निदेशक वीबीडी डॉ पंकज सक्सेना, गेट्स फाउंडेशन के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मानिक रेलन, पीसीआई से रनपाल सिंह, इसके अलावा डब्ल्यूएचओ, पीसीआई, पाथ, जीएचएस व सीफार के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## फर्जी अकाउंट बनाकर निजी वीडियो वायरल करने का आरोप, पीड़िता मानसिक तनाव में

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र की एक महिला ने हरियाणा निवासी एक व्यक्ति पर उसकी निजी फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने, फर्जी अकाउंट बनाने और ब्लैकमेल कर मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर निवासी महिला के मुताबिक मूल रूप से हरियाणा के अंबाला निवासी दविंदर सिंह वर्तमान में इंग्लैंड (यूके) में रह रहा है। आरोप है कि वह काफी समय से उसे परेशान और ब्लैकमेल कर रहा है। महिला का कहना है कि आरोपी बिना अनुमति के उसकी निजी फोटो और वीडियो उसके परिवार के सदस्यों, दोस्तों, रिश्तेदारों और कार्यालय के सहकर्मियों को भेज रहा है। इतना ही नहीं पीड़िता के नाम और पहचान से फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाकर भी आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट कर रहा है। पीड़िता का आरोप है कि इन हरकतों से उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा और नौकरी को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। लगातार उत्पीड़न से पीड़िता भय और मानसिक तनाव में हैं। उसका कहना है कि आरोपी की इस हरकत से वह काफी मानसिक तनाव और अवसाद जैसी स्थिति से गुजर रही है। मानसिक स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि मन में आत्महत्या जैसे विचार आने लगे हैं। फिलहाल पीड़िता की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# दिनदहाड़े बंद मकानों पर धावा बोलने वाला अंतरजनपदीय गिरोह धरा गया

**18 लाख के जेवर चोरी की बाइक बरामद मोहनलालगंज समेत तीन थाना क्षेत्रों की आठ वारदातों का खुलासा**

अमन लेखनी समाचार




मोहनलालगंज। दिनदहाड़े बंद मकानों को निशाना बनाकर लाखों के जेवर उड़ाने वाले अंतरजनपदीय चोर गिरोह का आखिरकार मोहनलालगंज पुलिस ने भंडाफोड़ कर दिया सर्विलांस टीम की मदद से सरगना समेत तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर पुलिस ने करीब 18 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण चोरी में प्रयुक्त बाइक और लोहे की रॉड बरामद की गिरोह के दो अन्य सदस्य अभी फरार जिनकी तलाश में दबिश दी जा रही वही पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार बाबू और आशिक अली निवासी बहराइच तथा शीबू निवासी उन्नाव पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह बहराइच से लखनऊ आकर नई कॉलोनियों और विकसित हो रहे इलाकों में बंद मकानों की रेकी करता था घरों के बाहर ताला और भीतर कपड़े सूखते देखकर यह सुनिश्चित करते थे कि मकान खाली इसके बाद ताला तोड़कर जेवरात समेटते और चोरी की बाइक से फरार हो जाते थे। लगातार हो रही चोरियों के खुलासे के लिए डीसीपी दक्षिणी मो. मुश्ताक के निर्देश पर गठित सात पुलिस टीमों ने करीब 145 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तकनीकी और मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर पुलिस गिरोह तक पहुंची और मंगलवार को तीनों आरोपितों को दबोच लिया पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि चोरी के जेवर आपस में बांटकर राह चलते लोगों को सस्ते दामों में बेच देते थे और रकम मौज-मस्ती व अन्य खर्चों में उड़ाते थे पुलिस ने मोहनलालगंज के चार, पीजीआई के दो और ठाकुरगंज के दो मामलों समेत कुल आठ चोरी की घटनाओं का खुलासा किया पुलिस के अनुसार बाबू पर चोरी गैंगस्टर और आर्म्स एक्ट समेत 15 मुकदमे, जबकि आशिक अली पर 19 आपराधिक मुकदमे दर्ज शीबू के खिलाफ भी उन्नाव में आपराधिक मुकदमा दर्ज पुलिस अब फरार दो साथियों की तलाश में जुटी।

# एसओ अंजनी कुमार सिंह की पहल से हादसों वाली सड़क हुई सुरक्षित

**जनसहयोग से भरवाए गए गड्ढे, यातायात माह में नगराम पुलिस की कार्यशैली बनी मिसाल**

अमन लेखनी समाचार



नगराम। नगराम से गंगागंज जाने वाला मार्ग लंबे समय से बदहाल स्थिति में था सड़क के बीच बने गहरे गड्ढों के कारण आए दिन हादसों की आशंका बनी रहती थी बारिश के बाद स्थिति और गंभीर हो गई थी रात के समय गड्ढे दिखाई न देने से दोपहिया वाहन चालक अक्सर असंतुलित हो जाते थे जबकि चारपहिया वाहनों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था स्थानीय लोगों की शिकायतों के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी थी राहगीरों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नगराम थाना प्रभारी अंजनी कुमार सिंह ने जिम्मेदार अधिकारी की भूमिका निभाते हुए स्वयं पहल की उन्होंने पुलिसकर्मियों और क्षेत्रीय लोगों को साथ लेकर जनसहयोग से सड़क के गहरे गड्ढों को भरवाया कुछ ही घंटों में सड़क की स्थिति में सुधार होने से आवागमन सुचारु हो गया और दुर्घटनाओं की आशंका काफी हद तक कम हो गई यातायात माह के दौरान नगराम पुलिस की यह पहल लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई आमतौर पर पुलिस यातायात नियमों के पालन और जागरूकता अभियान तक सीमित रहती लेकिन एसओ अंजनी कुमार सिंह ने सड़क सुरक्षा को व्यापक नजरिए से देखते हुए दुर्घटनाओं की वजह बनी मूल समस्या के समाधान की दिशा में कदम बढ़ाया उनकी सक्रिय कार्यशैली और जनसहभागिता की सोच को क्षेत्रवासियों ने सराहा स्थानीय लोगों का कहना कि जब संबंधित विभाग सड़क की मरम्मत नहीं करा सका तब नगराम पुलिस ने आगे बढ़कर सामाजिक जिम्मेदारी निभाई लोगों ने थाना प्रभारी की संवेदनशील कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी पहल से राहगीरों को बड़ी राहत मिली। एसओ अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों के पालन तक सीमित नहीं सुरक्षित सड़कें भी दुर्घटनाओं की रोकथाम का महत्वपूर्ण आधार उन्होंने कहा कि जनसहयोग से किए गए इस प्रयास का उद्देश्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना थाना प्रभारी की इस पहल की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही और लोग इसे जनहित में पुलिस की सकारात्मक एवं जिम्मेदार कार्यशैली का उदाहरण मान रहे।

## लखनऊ समेत 8 एयरपोर्ट पर शुरू हुआ 'अदाणी रिवॉर्ड्स', सालाना 65 हजार तक के मिलेंगे फायदे

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। हवाई यात्रियों को बेहतर सुविधाएं और आकर्षक ऑफर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) ने अपने आठ हवाई अड्डों पर नेक्स्ट-जेनरेशन 'अदाणी रिवॉर्ड्स' सदस्यता कार्यक्रम शुरू किया है। यह जानकारी कम्पनी के एक अधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि अदाणी वन ऐप से जुड़ी इस योजना के तहत यात्रियों को सालाना 65 हजार रुपये तक के विशेष लाभ मिल सकेंगे। इसमें लखनऊ एयरपोर्ट भी शामिल है। इसके अलावा मुंबई, नवी मुंबई, अहमदाबाद, जयपुर, गुवाहाटी, मंगलुरु और तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर भी यह सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि नई सदस्यता योजना के तहत यात्रियों को एयरपोर्ट पर भोजन, खरीदारी, ड्यूटी-फ्री शॉपिंग, लाउंज एक्सेस, पार्किंग और प्राथमिकता सुरक्षा जांच जैसी सुविधाओं में विशेष छूट और लाभ मिलेंगे। इसके साथ ही वैलेट पार्किंग, ग्राहक सहायता और 'प्रणाम मीट एंड ग्रीट' सेवा का लाभ भी सदस्यता श्रेणी के अनुसार दिया जाएगा। यह सुविधा विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों के साथ यात्रा करने वाले परिवारों और विशेष सहायता की जरूरत वाले यात्रियों के लिए उपयोगी होगी। कंपनी के मुताबिक अदाणी रिवॉर्ड्स के पहले संस्करण से करीब 70 लाख यात्री जुड़ चुके हैं। इसी सफलता को आगे बढ़ाते हुए नए संस्करण में टियर आधारित सदस्यता मॉडल लागू किया गया है। इसमें यात्रियों को उनकी सदस्यता श्रेणी और यात्रा संबंधी जरूरतों के अनुसार सुविधाएं मिलेंगी। यात्री अदाणी वन ऐप के माध्यम से अपनी सदस्यता, उपलब्ध रिवॉर्ड्स और विशेष ऑफर्स की जानकारी प्राप्त करने के साथ ही पार्किंग, लाउंज, भोजन और अन्य सेवाओं की अग्रिम बुकिंग भी कर सकेंगे। कंपनी के सीईओ अरुण बंसल के मुताबिक इस पहल का उद्देश्य एयरपोर्ट पर यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के साथ खरीदारी, खानपान और अन्य गैर-विमानन सेवाओं को भी बढ़ावा देना है।

## लखनऊ में जुटेंगे देशभर के फार्मेसी विशेषज्ञ

**लखनऊ।** एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस की बढ़ती वैश्विक चुनौती के प्रति जनसामान्य को जागरूक करने तथा दवाओं के सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के सेंट्रल उत्तर प्रदेश एवं लखनऊ रीजन द्वारा कल विश्व फार्मासिस्ट दिवस एवं राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह 2026 के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर एक विशाल जागरूकता रैली एवं सामुदायिक पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। रैली प्रातः 8:30 बजे एकेटीयू, लखनऊ के मुख्य द्वार (गेट नंबर-2) से शुरू होगी। जिसमें फार्मेसी के लगभग 800 छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, फार्मासिस्ट एवं फार्मेसी प्रोफेशनल्स सहभागिता करेंगे।

## धीरेंद्र शास्त्री 21 दिसंबर से सुनाएंगे हनुमंत कथा

**डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में पांच दिवसीय श्रीहनुमंत कथा का आयोजन**

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** सरोजनीनगर की धरती आगामी दिसंबर में भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक चेतना के भव्य आयोजन की साक्षी बनेगी। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रयासों और हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में 21 से 25 दिसंबर 2026 तक लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में पांच दिवसीय श्रीहनुमंत कथा का आयोजन किया जाएगा। इसमें पूज्य संत धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री प्रतिदिन दोपहर दो बजे से श्रद्धालुओं को श्रीहनुमान जी के पावन चरित्र और प्रभु श्रीराम के प्रति उनकी अनन्य भक्ति का रसपान कराएंगे।

इस आयोजन में बालाजी की महिमा का गुणगान होगा और बजरंगबली के अद्भुत पराक्रम, सेवा, समर्पण एवं साहस के प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को जीवन के आदर्शों से परिचित कराया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ समाज में सकारात्मकता, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना भी है। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह सरोजनीनगर के लोगों को धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उनकी पहल पर रामरथ यात्रा के माध्यम से हजारों श्रद्धालुओं को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन कराए गए। इसके अलावा खाटू श्याम यात्रा, सिख श्रद्धालुओं के लिए विमान से अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर और पाकिस्तान स्थित करतारपुर साहिब के दर्शन की व्यवस्था तथा प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल की भजन संध्या जैसे आयोजन भी कराए गए हैं।

श्रीहनुमंत कथा इसी श्रृंखला की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसके माध्यम से क्षेत्रवासियों को अपने ही क्षेत्र में संत सान्निध्य और कथा श्रवण का अवसर मिलेगा। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि श्रीहनुमंत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को नई दिशा देने वाला आध्यात्मिक अवसर है। भगवान हनुमान का चरित्र अटूट भक्ति, अदम्य साहस, निःस्वार्थ सेवा, विनम्रता और दृढ़ संकल्प की प्रेरणा देता है। उनके आदर्शों को आत्मसात कर व्यक्ति अपने जीवन में सकारात्मकता और सेवा भाव का विस्तार कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन विशेष रूप से उन बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए भी बड़ी सौगात होगा, जो बागेश्वर धाम जाकर पूज्य बाबा की कथा सुनना चाहते हैं, लेकिन दूरी या अन्य कारणों से वहां नहीं पहुंच पाते। अब उन्हें सरोजनीनगर में ही पूज्य संत धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से कथा श्रवण का अवसर प्राप्त होगा।

## भाजपा सरकार में कमीशन खोरी चरम पर है : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा दल नहीं, भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा दल-दल है। भाजपा ने प्रदेश की जनता को भ्रष्टाचार के दल-दल के सिवा कुछ नहीं दिया है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, कमीशन खोरी चरम पर है। हर विभाग और हर कार्य में बजट की लूट हुई। इस सरकार ने अपने चहेते ठेकेदारों को मनमाने तरीके से ठेके और टेंडर बांटे और उसमें जमकर कमीशनखोरी और लूट की। प्रयागराज में 80 हजार करोड़ खर्च करने के बाद भी विश्वस्तरीय व्यवस्थाओं का दावा ही कीचड़ में धंस गया है। यही हाल काशी का भी है, वादा किया था क्योटो बनाने का लेकिन भाजपा ने काशी की असली पहचान ही खत्म कर दी। इस सरकार ने नदियों की सफाई के लिए आये बजट का बंदर बांट कर लिया। भाजपा सरकार ने गंगा नदी को साफ करने का झूठा वादा किया। मां गंगा की सफाई नहीं हुई। इसी तरह से जल जीवन मिशन में भारी भ्रष्टाचार हुआ। कई जिलों में पानी की टंकियां भ्रष्टाचार के भार को सहन नहीं कर पाई, गिर गई। सड़कों और एक्सप्रेस के निर्माण में जिस तरह की लूट हुई है उसे पूरी दुनिया ने देखा है। हजारों करोड़ से बने एक्सप्रेसवे मे उद्घाटन के बाद ही गड्ढे होने होने लगे, कई सड़के टूट गई। थाने, तहसील भ्रष्टाचार के अड्डे बन गए हैं। इस सरकार में भ्रष्टाचार का ऐसा जाल फैला है कि भाजपा के ही सांसद थानों को दलाली का अड्डा घोषित कर रहे हैं। उन्नाव के सांसद इस सरकार के महा-भ्रष्टाचार से हताश होकर कह रहे हैं कि अपने जीवन में ऐसी (भ्रष्ट) पुलिस नहीं देखी।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा प्रदेश की जनता के लिए संकट बन गई है। भ्रष्टाचार चरम पर है। शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था बर्बाद है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है।

## बेकाबू ट्रक ने मचाई तबाही तीन मकान-दुकानें क्षतिग्रस्त, दंपती घायल

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां थाना क्षेत्र के मस्तीपुर गांव में तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने गुरुवार देर शाम जमकर तबाही मचाई ट्रक की टक्कर से तीन मकान-दुकानों को नुकसान पहुंचा जबकि दंपती घायल हो गए घटना के चार दिन बाद पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी मस्तीपुर निवासी रामू देवी पत्नी पृथ्वीपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 नवंबर की देर शाम ट्रक संख्या यूपी-32-जेएन-9171 का चालक तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चला रहा था इसी दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर उनकी पान की गुमटी और मकान में जा घुसा हादसे में गुमटी, टीनशेड शौचालय और शौचालय का टैंक क्षतिग्रस्त हो गया ट्रक की चपेट में पड़ोस में स्थित रामू की कबाब-पराठे की दुकान और प्रदीप पुत्र जीत बहादुर का मकान भी आ गया हादसे में रामू देवी और उनके पति पृथ्वीपाल घायल हो गए पीड़िता की शिकायत पर निगोहां पुलिस ने मंगलवार को अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया मामले की विवेचना उपनिरीक्षक हर्ष वर्मा को सौंपी गई पुलिस का कहना कि ट्रक चालक की तलाश की जा रही अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

## खसरा संख्या एक लेकिन कनेक्शन में नियम अलग, जांच कमेटी बनी

अमन लेखनी समाचार

- एमडी के संज्ञान में मामला आने के बाद मुख्य अभियंता करायेंगे जांच
- जेई और एसडीओं की भूमिका जांच के घेरे में

**खसरा संख्या एक ही है तो फिर कनेक्शन सभी को एक समान मिलेगा। जांच कमेटी बनाई गयी है। अधीक्षण अभियंता गोमतीनगर जोन**

**लखनऊ।** बिजली कनेक्शन देने में खेल करने पर मध्यांचल एमडी ने मुख्य अभियंता से रिपोर्ट मांगा है। रिपोर्ट मिलने के बाद के जेई और एसडीओ का खेल उजागर हो जायेगा। खेल समझिये खसरा संख्या 146 लौलाई में एक उपभोक्ता को 71 रुपये प्रति वर्ग मीटर और दूसरे को नार्मल कनेक्शन दे दिया। जब इस खेल का खुलाशा हुआ तो गोमतीनगर की अधीक्षण अभियंता ने तत्काल कमेटी बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जायेगा।

बीते दिनो वॉयस ऑफ लखनऊ अखबार में खबर छपी थी कि कहते है जब मामला सेट हो जाय तो कही भी बिजली कनेक्शन दिया जा सकता है और बात नही बनी तो नियम से मिलने वाला कनेक्शन महिनो तक नही मिल पाता है। ज्ञात होकि गोमती नगर लौलाई के पुसुकपुरवा का है जहां नीलम वर्मा के नाम से अविकसित प्लाटिंग क्षेत्र में 71 रुपये प्रतिवर्ग मीटर के नियम से कनेक्शन दिया जाना चाहिए लेकिन नियमो को ताक पर रखकर उसे टीसी कनेक्शन दे दिया गया।

बिजली कनेक्शन देने के नाम पर बिजली आवेदक को कही परेशान किया जा रहा है तो कही नियमो को ताक पर रखकर कनेक्शन दिया जा रहा है। ताजा मामला गोमतीनगर जोन के लौलाई क्षेत्र का है जहां पर अविकसित कालोनी के बाहर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा है जिससे निलम वर्मा आवेदक संख्या (जे 6136985101) आवेदन किया जिसको 71 रुपये वर्ग फीट के तहत कनेक्शन दिया जाना चाहिए। लेकिन टीजी-2 शुभम गुप्ता ने रिपोर्ट लगा दिया।

## अतिरिक्त बिजनेस प्लान प्रस्ताव देने में निदेशक (तकनीकी) हरीश बंसल फेल

अमन लेखनी समाचार

**इन कार्यों के लिए मांगे गए थे प्रस्ताव**

- 80 प्रतिशत से अधिक लोड वाले पावर ट्रांसफार्मर
- 25 किलोमीटर से अधिक लंबाई वाले 11 केवी पोषक
- औद्योगिक पोषकों को कृषि रहित बनाना
- 80 प्रतिशत से अधिक लोड वाले वितरण ट्रांसफार्मर
- नए उपकेंद्रों की स्थापना के प्रस्ताव

**यह है निर्देश**

- नए उपकेंद्र का प्रस्ताव देने से पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि अतिभारित उपकेंद्र का लोड किसी नजदीकी उपकेंद्र पर स्थानांतरित करना संभव न हो।

**मुख्यालय के निदेर्शों के बावजूद प्रस्ताव निर्धारित मानकों के अनुरूप तैयार नहीं किए गए। फील्ड स्तर से आवश्यक जानकारी भी नहीं जुटाई गई। इसके कारण बोर्ड की बैठक में प्रस्तावों के परीक्षण और अनुमोदन की प्रक्रिया प्रभावित हुई तथा सदस्यों का बहुमूल्य समय व्यर्थ हुआ। उन्होंने संबंधित निदेशक से एक सप्ताह के भीतर अपना तथ्यात्मक और स्पष्ट स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने को कहा है।**
**रणवीर प्रसाद अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड**

- पावर कार्पोरेशन के चेयरमैन को नही दे पाये 7 दिन में जबाब

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने अतिरिक्त बिजनेस प्लान वर्ष 2026-27 के प्रस्ताव तैयार करने में निर्धारित दिशा-निदेर्शों की अनदेखी पर सख्त रुख अपनाया है। कॉरपोरेशन के अध्यक्ष रणवीर प्रसाद ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी) हरीश बंसल को पत्र भेजकर स्पष्टीकरण मांगा है। उन्हें एक सप्ताह के भीतर तथ्यात्मक और स्पष्ट जवाब उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

अध्यक्ष की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि 6 अक्टूबर 2026 को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अतिरिक्त बिजनेस प्लान के प्रस्ताव तैयार करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद 6 नवंबर 2026 को आयोजित बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स (बीओडी) की बैठक में प्रस्तुतिकरण के दौरान निर्धारित बिंदुओं का अनुपालन नहीं पाया गया। मुख्यालय की ओर से पांच प्रमुख श्रेणियों में प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए थे। इनमें 80 प्रतिशत से अधिक लोड वाले पावर ट्रांसफार्मर, 25 किलोमीटर से अधिक लंबाई वाले 11 केवी पोषक, औद्योगिक पोषकों को कृषि रहित बनाना, 80 प्रतिशत से अधिक लोड वाले वितरण ट्रांसफार्मर तथा नए उपकेंद्रों के प्रस्ताव शामिल थे।

पत्र में यह भी कहा गया है कि प्रस्तावों के साथ फील्ड अधिकारियों से जरूरी तथ्यात्मक जानकारी नहीं जुटाई गई। इससे प्रस्तावों के परीक्षण और अनुमोदन की प्रक्रिया प्रभावित हुई तथा अनावश्यक देरी हुई। अध्यक्ष ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए जवाब तलब किया है।

## शिक्षकों को नई तकनीकी से रहना होगा अपग्रेड

अमन लेखनी समाचार

- एकेटीयू में पांच दिवसीय फैकल्टी अपडेशन प्रोग्राम के उद्घाटन में बोले कुलपति
- साइबर सिक्योरिटी, क्रिप्टोग्राफी, एआई और क्वॉन्टम कम्प्यूटिंग में शिक्षकों को किया जा रहा प्रशिक्षित

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और आईएसईए के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार से पांच दिवसीय फैकल्टी अपडेशन प्रोग्राम का शुभारंभ हुआ।



इम्पावरिंग एजुकेटर्स फॉर ए क्वॉन्टम रेडी सिक्योर फ्यूचर विषय पर आयोजित एफयूपी में पांच दिनों के दौरान विशेषज्ञ नई तकनीकी जिसमें क्वॉन्टम कम्प्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी, क्रिप्टोग्राफी एवं एआई पर शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। एफयूपी का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने नई तकनीकी के जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों, उनकी चुनौतियों और संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि किसी भी संस्थान के लिए सबसे जरूरी वहां के शिक्षकों का नई तकनीकी में खुद को अपग्रेड रखना है। तभी उनकी सार्थकता बनी रहेगी। वर्तमान में साइबर सिक्योरिटी, एआई, क्रिप्टोग्राफी का दखल जीवन के हर क्षेत्र में है इसलिए इनके बारे में जानना खासकर शिक्षकों को बेहद जरूरी है। एआई अपने तीसरी पीढ़ी में है। इस तकनीकी के उपयोग पर फायदा और नुकसान निर्भर करता है। इसी तरह साइबर सिक्योरिटी का सीधा असर लोगों के जीवन पर है। इसलिए खतरे भी ज्यादा हैं। वहीं क्वॉन्टम कम्प्यूटिंग भविष्य में अहम भूमिका निभाएगा। विश्वविद्यालय ने माइनर कोर्स के तौर पर बीटेक में इसे शुरू किया है ताकि छात्र इसमें अभी से तैयार हो सकें।

प्रतिकुलपति प्रो. राजीव कुमार ने कहा कि साइबर सुरक्षा आज के दौर की सबसे जरूरी चीज है क्योंकि हमारी जीवनशैली ऑनलाइन माध्यमों से होकर गुजर रही है। ऐसे में इसकी सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती है। डीन इनोवेशन प्रो. बीएन मिश्रा ने कहा कि एकेटीयू नई तकनीकी को लागू करने में प्रदेश में अग्रणी संस्थान है। एआई से लेकर क्रिप्टोग्राफी, साइबर सिक्योरिटी और क्वॉन्टम कम्प्यूटिंग तकनीकी में प्रशिक्षण की पहल की जा रही है, जिससे यहां के शिक्षक और छात्र इन क्षेत्रों में कौशल हासिल कर सकें। एफयूपी की रूपरेखा एसो. डीन इनोवेशन डॉ. अनुज कुमार शर्मा ने रखी। जबकि स्वागत डॉ. उपेंद्र कुमार ने किया। वहीं धन्यवाद इनोवेशन हब के सीईओ डॉ. महीप सिंह ने और संचालन सीआईओ वंदना शर्मा ने किया। वहीं विभिन्न सत्रों के दौरान साइबर सिक्योरिटी, क्रिप्टोग्राफी आदि पर सेंटर हेड इंटरनेशनल कॉलेज फॉर सिक्योरिटी स्टडीज डॉ. गौरव मिश्रा, प्रो. पुनीत मिश्रा और विजय कुमार झिंगरन ने शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय से संबद्ध सस्थानों के शिक्षक एवं एमटेक के छात्र हिस्सा

## संक्षेप

### दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर में पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। सोमवार देर शाम उन्नाव मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में पिता-पुत्र समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों की मदद से घायलों को यहां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां के चिकित्सकों ने घायलों की हालत गंभीर बताकर हायर सेंटर रेफर कर दिया। नगर के संडीला रोड निवासी प्रदीप शुक्ला पुत्र राम औतार अपने पुत्र अभिषेक के साथ हफीजाबाद में दुकान बंद कर सोमवार देर शाम करीब 9 बजे बाइक से वापस घर आ रहे थे। रास्ते मे उन्नाव मार्ग पर हरियाली पेट्रोल पंप के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से टक्कर हो गई । टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकें सड़क पर गिर गईं और तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी बाइक पर सवार सुनील पुत्र राधेलाल निवासी मोहल्ला कटरा बांगरमऊ भी घायल हो गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने तुरंत तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली।

### 161 पंचायतों ने किया आवेदन, 22 का होगा सत्यापन, टॉप-5 को मिलेंगे 1.10 करोड़

उन्नाव। 161 ग्राम पंचायतों ने मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के लिए आवेदन किया है। इनमें से 22 पंचायतों ने तय मानकों पर 45 से अधिक अंक पाने की योग्यता दिखाई है। अब इनका मौके पर सत्यापन होगा। इसके बाद पांच पंचायतों का चयन किया जाएगा। इस बार पंचायतों को सिर्फ कागजी दावों के आधार पर पुरस्कार नहीं मिलेगा। उन्हें विकास कार्यों के दस्तावेज देने के साथ गांव में काम होने का प्रमाण भी दिखाना होगा। योजना में विकास के नौ बिंदु तय किए गए हैं। पंचायतों के काम का आकलन इन बिंदुओं पर होगा। कुल 50 सवालों के जवाब और मौके पर मौजूद सुविधाओं के आधार पर अंक दिए जाएंगे। योजना के लिए कुल 100 अंक तय हैं। चयनित 22 पंचायतों की जांच दो चरणों में होगी। पहले पंचायती राज विभाग की टीम गांव जाकर दस्तावेजों और विकास कार्यों की जांच करेगी। इसके बाद जिला स्तरीय टीम मौके पर काम की गुणवत्ता और उपयोगिता देखेगी। दस्तावेजों में किए गए दावों का भी मौके पर मिलान होगा। दोनों चरणों की जांच के बाद जिले से पांच पंचायतों के नाम शासन को भेजे जाएंगे। शासन की ओर से बनाई गई टीम भी इन पंचायतों का सत्यापन करेगी। अंतिम चयन इसी प्रक्रिया के आधार पर होगा। योजना में रैंकिंग के आधार पर पुरस्कार राशि दी जाएगी। पहले स्थान पर आने वाली ग्राम पंचायत को 35 लाख रुपये और दूसरे स्थान पर आने वाली पंचायत को 30 लाख रुपये मिलेंगे। तीसरे स्थान पर 20 लाख रुपये, चौथे स्थान पर 15 लाख और पांचवें स्थान पर चयनित पंचायत को 10 लाख रुपये दिए जाएंगे। इस तरह जिले की पांच उत्कृष्ट पंचायतों को कुल 1.10 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि मिल सकती है। डीपीआरओ श्रीकांत यादव ने बताया कि योजना में आवेदन करने वाली पंचायतों में से 22 का स्थलीय सत्यापन शुरू कराया गया है। निर्धारित नौ बिंदुओं पर अभिलेखीय और धरातलीय जांच के बाद पांच उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों का चयन कर शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

# श्री कृष्ण लीला महोत्सव में सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र की भावपूर्ण लीला का किया गया मंचन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। श्री दुर्गेश्वर कृष्ण लीला समिति द्वारा आयोजित 74वें कृष्ण लीला महोत्सव के पंचम दिवस महादानी सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र की भावपूर्ण लीला का मंचन किया गया। वृंदावन से पधारे कलाकारों ने सत्य, धर्म, त्याग और दान की ऐसी जीवंत झांकी प्रस्तुत की कि पूरा पंडाल भक्ति रस में डूब गया। दर्शकों की आंखें कई बार नम हो गईं और सत्य की विजय पर जयकारे गूंज उठे। लीला के प्रारंभ में सर्वप्रथम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुन लाल दिवाकर, पप्पू त्रिवेदी एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बाला राव गुप्ता ने ठाकुर जी का पूजन कर एवं आरती उतारकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लीला में दर्शाया गया कि महर्षि विश्वामित्र महाराजा हरिश्चंद्र की परीक्षा लेते हैं। परीक्षा की घड़ी में उन्होंने महाराजा से उनका राज-पाट, स्वर्ण-आभूषण, समस्त वैभव ले लिया और उनके ऊपर 60 भर सोने का कर्ज भी चढ़ा दिया। धर्म-संकट में पड़े महाराजा सत्य से विचलित नहीं हुए। कर्ज चुकाने के लिए वे काशी नगरी पहुंचते हैं। काशी में उन्होंने अपनी पत्नी तारामती और पुत्र रोहिताश्व की बोली लगाई। एक पंडित जी द्वारा उनकी पत्नी व पुत्र को 40 भर सोने में सेवा कार्य के लिए रख लिया जाता है। वहीं एक डोम राजा द्वारा महाराजा हरिश्चंद्र को श्मशान घाट पर अंतिम क्रिया करने के लिए रख लिया जाता है। इस भांति महाराजा हरिश्चंद्र 60 भर सोने का कर्ज अदा कर देते हैं। किंतु सत्य और धर्म का मार्ग नहीं छोड़ते। तभी विधि का विधान ऐसा होता है कि पुत्र रोहित जब पंडित जी के लिए पुष्प तोड़ने बगिया में जाता है, तो उसे काले सर्प ने डस लिया और वह मृत्यु को प्राप्त हो गया। पुत्र वियोग की सूचना मिलते ही माता तारा 'बेटा रोहित, बेटा रोहित' कहकर विलाप करने लगीं। वे पुत्र के शव को लेकर श्मशान घाट पर पहुंचती हैं तो महाराजा हरिश्चंद्र ने बिना कर लिए अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। यह दृश्य देखकर उपस्थित जनसमूह की आंखें छलक उठीं। यह सब देखकर महर्षि विश्वामित्र का अभिमान चूर-चूर हो गया। उन्होंने महाराजा हरिश्चंद्र के पुत्र रोहित को पुनः जीवित कर दिया एवं उनका सारा राज-पाट, वैभव उन्हें सौंप दिया। सत्य की परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर देवताओं ने भी पुष्प वर्षा की। लीला का संदेश यही था कि सत्यवादी कभी हारता नहीं, धर्म की सदैव विजय होती है। लीला के अंत में समिति के अध्यक्ष प्रज्वल शर्मा, कोषाध्यक्ष अवधेश द्विवेदी, वैभव शर्मा, चरण आधार शर्मा, रोशन गुप्ता, शिवाकांत शर्मा आदि ने आरती उतारी। श्रद्धालुओं ने कलाकारों के अभिनय की मुक्तकंठ से सराहना की।

# मेला परिसर का नगर अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। नगर पंचायत भगवंतनगर में 24 नवंबर से शुरू होने वाले पांच दिवसीय ऐतिहासिक 'हटिया मेले' की तैयारियों को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष आशीष शुक्ला 'रिंकू' ने प्रशासनिक टीम के साथ मेला परिसर का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मेला मैदान में ईंट, निर्माण सामग्री, निजी सामान और गोबर (घूर) डालकर किए गए अवैध अतिक्रमण पर अध्यक्ष ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित लोगों को दो दिन के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया और स्पष्ट चेतावनी दी कि तय समय-सीमा के बाद जेसीबी (बुलडोजर) चलवाकर परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

?अध्यक्ष ने दुकान लगाने पहुंचे व्यापारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और दर्शकों के लिए सुरक्षा, रोशनी, शुद्ध पेयजल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतर व्यवस्था की जा रही है।

गौरतलब है कि सैकड़ों वर्ष पुराने इस ऐतिहासिक मेले में उन्नाव और रायबरेली के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। सुबह 10 से रात 9 बजे तक चलने वाले इस मेले में पारंपरिक झूले, खिलौने और व्यंजन मुख्य आकर्षण रहते हैं। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अधिकारी, मेला प्रभारी, समिति सदस्य व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# मेला परिसर का नगर अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। नगर पंचायत भगवंतनगर में 24 नवंबर से शुरू होने वाले पांच दिवसीय ऐतिहासिक 'हटिया मेले' की तैयारियों को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष आशीष शुक्ला 'रिंकू' ने प्रशासनिक टीम के साथ मेला परिसर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेला मैदान में ईंट, निर्माण सामग्री, निजी सामान और गोबर (घूर) डालकर किए गए अवैध अतिक्रमण पर अध्यक्ष ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित लोगों को दो दिन के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया और स्पष्ट चेतावनी दी कि तय समय-सीमा के बाद जेसीबी (बुलडोजर) चलवाकर परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। अध्यक्ष ने दुकान लगाने पहुंचे व्यापारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और दर्शकों के लिए सुरक्षा, रोशनी, शुद्ध पेयजल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतर व्यवस्था की जा रही है। गौरतलब है कि सैकड़ों वर्ष पुराने इस ऐतिहासिक मेले में उन्नाव और रायबरेली के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। सुबह 10 से रात 9 बजे तक चलने वाले इस मेले में पारंपरिक झूले, खिलौने और व्यंजन मुख्य आकर्षण रहते हैं। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अधिकारी, मेला प्रभारी, समिति सदस्य व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। राजस्थान से लौट रहे 21 साल के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक की पत्नी ने उसके साथ काम करने गए दो दोस्तों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। सोमवार शाम करीब सात बजे परिजन शव लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, हालांकि हत्या के आरोपों की अभी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। मृतक की पहचान सफीपुर थाना क्षेत्र के नैनी खेड़ा के रहने वाले किशन बहादुर (21) पुत्र स्व. मिश्रीलाल के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, किशन करीब चार महीने पहले काम की तलाश में घर से बाहर गया था, वह पहले गुजरात गया, बाद में उसके साथ काम करने वाले दोस्त उसे राजस्थान ले गए। किशन की पत्नी सरवती ने आरोप लगाया कि राजस्थान में उसके साथ मारपीट की गई और इसी वजह से उसकी मौत हुई, उसने कन्नौज के शिवम और रामजी पर आरोप लगाए हैं। सरवती के मुताबिक, किशन दीपावली से तीन दिन पहले गुजरात से राजस्थान गया था, वह साथियों के साथ काम करने निकला था, शुरूआत में उसे बताया गया था कि नागालैंड में काम मिलेगा, वहां उसके परिचित भी रहते थे, लेकिन बाद में साथी उसे राजस्थान ले गए। सरवती ने बताया कि पुलिस ने फोन करके जानकारी दी थी कि किशन जंगल के किनारे रास्ते में संदिग्ध हालत में मिला है और पुलिस ने शिवम और रामजी के नाम भी बताए थे। परिजनों के अनुसार, किशन को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन डॉक्टरों ने जवाब दे दिया, इसके बाद उसे एंबुलेंस से उन्नाव लाया गया, सोमवार शाम करीब सात बजे जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशन की शादी 14 फरवरी 2026 को हुई थी, परिजनों के मुताबिक शादी को करीब आठ महीने हुए थे और वह चार भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। पत्नी ने दोनों आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई है, फिलहाल मौत की असली वजह स्पष्ट नहीं है और शव का पोस्टमार्टम होने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# कानपुर पुल की मरम्मत से पुरवा मार्ग पर दबाव बढ़ा, मिरी चौराहे पर दो किमी तक लगा भीषण जाम

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। कानपुर पुल की मरम्मत के चलते पुरवा मार्ग पर वाहनों का दबाव बढ़ गया है। सोमवार शाम चार बजे पुरवा कोतवाली क्षेत्र के मिरी चौराहे पर भीषण जाम लग गया। वाहनों की कतारें करीब दो किलोमीटर तक फैल गईं। पुरवा-मौरावां और सोहरामऊ-पाटन मार्ग पर वाहन घंटों रेंगते रहे। इससे लखनऊ जाने वाले यात्रियों, स्थानीय दुकानदारों और नगरवासियों को परेशानी हुई। पुल की मरम्मत के कारण वैकल्पिक रास्तों पर वाहनों की संख्या बढ़ गई है। पुरवा से गुजरने वाले वाहनों का दबाव मिरी चौराहे पर भी बढ़ा है। सोमवार को चारों तरफ से वाहन चौराहे पर पहुंचे तो छोटे-बड़े वाहन एक-दूसरे के सामने फंस गए। देखते ही देखते वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम के कारण सड़क किनारे दुकानदारों के कारोबार पर असर पड़ा। स्थानीय लोगों को आने-जाने में दिक्कत हुई, जबकि लखनऊ जाने वाले यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई। लोगों का कहना है कि यातायात व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो पुल की मरम्मत पूरी होने तक जाम की समस्या और बढ़ सकती है। सीओ ट्रैफिक प्रदीप ने बताया कि जाम खुलवाया जा रहा है।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी एवं जश्ने दस्तारबंदी का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला नसीमगंज स्थित मदरसा कादरिया बरकातुल कुरआन में जश्ने ईद मिलादुन्नबी एवं जश्ने दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। जलसे मे मुफ्ती शेर मोहम्मद लखनवी ने लोगों को इस्लामी तहजीब और अच्छी सीख के अनुसार जिंदगी गुजारने की नसीहत दी।

जनाब लखनवी ने कहा कि अच्छे अखलाक और नेक किरदार को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाए। उन्होंने कहा कि इंसान की पहचान उसके अच्छे व्यवहार से होती है। उन्होंने शादी ब्याह में फिजूल खर्ची से बचने और दहेज जैसी कुप्रथा समाप्त करने की भी हिदायत की।

इस मौके पर शायर अहमदुल फत्ताह फैजाबादी एवं समीर इलाहाबादी ने अपने शानदार कलाम पेश कर महफिल में समां बांध दिया।

उनके कलाम को सुनकर लोगों ने खूब तालियां बजाईं और सराहना की। कार्यक्रम में मौलाना अब्दुल मबीन, मौलाना जीशान मलिक, मौलाना रिजवान, हाफिज सज्जाद बरकाती, हाफिज यूसुफ मलिक, हाफिज दिलशाद, हाफिज अल्ताफ सहित तमाम उलमा-ए-किराम ने शिरकत की।

जलसे का सबसे खास पल मदरसे में कुरआन-ए-पाक का हिफ्ज मुकम्मल करने वाले तीन बच्चों की दस्तारबंदी रही। इन बच्चों ने कारी सरताज के पास तालीम हासिल करते हुए हिफ्ज मुकम्मल किया। मोहम्मद सैफ (भाटियापुर), मोहम्मद कलीम (बांगरमऊ) और मोहम्मद आतिफ (बांगरमऊ) शामिल हैं। तीनों बच्चों ने कुरआन शरीफ को याद कर यह बड़ा मुकाम हासिल किया।

दस्तारबंदी के मौके पर लोगों ने बच्चों को मुबारकबाद दी और उनके अच्छे भविष्य और दीनी खिदमत के लिए दुआएं कीं। कार्यक्रम के अंत में जलसे के कन्वीनर कारी सरताज बरकाती एवं अब्दुल रज्जाक खान ने जलसे में आए तमाम उलमा-ए-किराम, शायरों, मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। कार्यक्रम की सरपरस्ती पीरजादा सैयद मोहम्मद गयासुद्दीन उर्फ गौसी मियां ने की।

# टावर पर चढ़ा युवक, डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने उतारा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शुक्लागंज स्थित इंदिरा नगर में सोमवार रात एक युवक टावर पर चढ़ गया। करीब डेढ़ घंटे तक पुलिस उसे नीचे उतारने की कोशिश करती रही। आखिरकार रात 11:30 बजे उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। युवक ने पुलिस से माफी मांगते हुए दोबारा ऐसा नहीं करने की बात कही। रविदास पार्क के पास काली जी मंदिर वाली गली में भोला बिहारी की दुकान के पास जिओ कंपनी का टावर है। सोमवार रात करीब 10 बजे मोहल्ले का रहने वाला शंकर (34), पुत्र जगदीश, टावर पर चढ़ गया। वह काफी ऊंचाई पर जाकर बैठ गया और नीचे उतरने को तैयार नहीं हुआ। उसे टावर पर देखकर आसपास के लोग जमा हो गए। लोगों ने उसे नीचे उतरने के लिए समझाया, लेकिन वह नहीं माना। सूचना मिलने पर डायल 112 और बालू घाट चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने भी उसे समझाकर सुरक्षित नीचे उतारने की कोशिश की।

# मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को लेकर बैठक, डीएम की मौजूदगी में खुला ईवीएम वेयरहाउस

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मंगलवार दोपहर जिला निर्वाचन कार्यालय में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर बैठक हुई। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। उन्हें मतदाता सूची के ड्राफ्ट की एक-एक प्रति सौंपी गई। इसके बाद प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम वेयरहाउस खुलवाकर वहां रखी मशीनों का निरीक्षण किया गया। आगामी चुनावों की तैयारियों के तहत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने स्ट्रांग रूम और वेयरहाउस का निरीक्षण किया। वहां रखी मशीनों की स्थिति देखी गई और प्रशिक्षण के लिए कुछ मशीनें चुनी गईं। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने बताया कि राजनीतिक दलों की भागीदारी और निगरानी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिनिधियों की मौजूदगी में वेयरहाउस खुलवाया गया। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से कराई जा रही है, ताकि किसी दल या प्रतिनिधि को कोई संदेह न रहे। भाजपा नेता मनीष जायसवाल ने बताया कि बैठक मतदाता सूची के प्रकाशन और वितरण को लेकर हुई थी। जिलाधिकारी की मौजूदगी में सभी राजनीतिक दलों को प्रकाशित सूची की एक-एक प्रति सौंपी गई। बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी व्यवस्थाओं और पारदर्शिता पर भी चर्चा हुई। प्रशासन ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण और चुनाव की तैयारियों से जुड़े सभी काम तय प्रक्रिया के अनुसार किए जाएंगे।

# मिशन कर्मयोगी के तहत कोर्स निर्माण करेंगे उन्नाव के शिक्षक डॉ. आशीष दीक्षित

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। माध्यमिक शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और विद्यालयों के प्रभावी संचालन के लिए एससीईआरटी लखनऊ द्वारा 'मिशन कर्मयोगी' के तहत प्रधानाचार्यों हेतु ऑनलाइन प्रशिक्षण कोर्स ('दक्ष') विकसित किए जा रहे हैं। इस राज्य स्तरीय पहल में सुमेरपुर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय मलयपुर के सहायक अध्यापक डॉ. आशीष कुमार दीक्षित का चयन प्रदेश के 6 विषय विशेषज्ञों की कोर टीम में हुआ है। वे 18 से 20 नवंबर तक लखनऊ में आयोजित कार्यशाला में माध्यमिक विद्यालयों के नेतृत्व और प्रशासनिक दक्षता से जुड़े विषयों पर स्क्रिप्ट लेखन और वीडियो रिकॉर्डिंग में योगदान देंगे। उनकी इस उपलब्धि पर जिले के शिक्षा जगत में हर्ष है।

# जनगणना और बीएलओ ड्यूटी के बीच शुरू हुईं अर्धवार्षिक परीक्षाएं

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। बेसिक शिक्षा परिषद के परिषदीय विद्यालयों में मंगलवार को अर्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गईं। हालांकि, पहले दिन ही परीक्षा व्यवस्था पर जनगणना और बीएलओ ड्यूटी का असर देखने को मिला। बड़ी संख्या में शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना कार्य में लगाए जाने से कई विद्यालयों में परीक्षा संचालन को लेकर दिक्कतें आईं। कुछ स्कूलों में शिक्षकों की अनुपलब्धता के कारण परीक्षा देरी से शुरू हो सकी। परीक्षा के पहले दिन कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों की प्रथम पाली में गणित और हिंदी तथा दूसरी पाली में संस्कृत की परीक्षा हुई। वहीं कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों ने प्रथम पाली में हिंदी और विज्ञान तथा दूसरी पाली में संस्कृत की परीक्षा दी। कंपोजिट विद्यालय रनियामऊ में शिक्षक अमित तिवारी ने बताया कि विद्यालय में पंजीकृत 181 विद्यार्थियों में से 155 परीक्षा में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि विद्यालय के आठ शिक्षकों में से छह जनगणना कार्य में लगाए गए हैं। परीक्षा संपन्न कराने के बाद शिक्षक जनगणना कार्य में जाएंगे, जिससे बच्चों की परीक्षा भी प्रभावित न हो और सरकारी दायित्वों का निर्वहन भी किया जा सके। वहीं कक्षा आठ की छात्रा छाया देवी ने बताया कि प्रश्नपत्र सरल था। सभी प्रश्नों के उत्तर उसे आते थे। क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय करीमाबाद, पीएम श्री विद्यालय रूपपुर चंदेला, प्राथमिक विद्यालय पालहेपुर, कंपोजिट विद्यालय जमुनिहा कच्छ और प्राथमिक विद्यालय खुसरूपुर सहित अन्य विद्यालयों में भी अर्धवार्षिक परीक्षाएं आयोजित की गईं।

# शहीद की बेटी के उत्पीड़न का आरोप, भाकियू (सावित्री) ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में तैनात शहीद सूबेदार की बेटी ने कथित उत्पीड़न की शिकायत की है। मंगलवार दोपहर भारतीय किसान यूनियन (सावित्री) के पदाधिकारियों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। संगठन ने चेतावनी दी कि 25 नवंबर 2026 तक न्याय नहीं मिला तो जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन के मुताबिक, शहीद सूबेदार राम शंकर द्विवेदी की बेटी पूनम सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में कनिष्ठ सहायक के पद पर तैनात हैं। आरोप है कि कार्यालय में तैनात स्क्वाड्रन लीडर मधु मिश्रा उन्हें लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान कर रही हैं। कार्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के माध्यम से भी परेशान किए जाने की शिकायत की गई है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि पूनम को कार्यालय में काम नहीं दिया जाता और जरूरी पत्र उपलब्ध नहीं कराए जाते। उनके काम में रुकावटें डाली जाती हैं। उन्हें बाथरूम में बंद करने जैसी घटनाएं होने का भी आरोप लगाया गया है। पूनम ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# मधुमक्खियां के हमले से कई लोग घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के स्टेशन रोड पर स्थित डाक घर के निकट मधुमक्खियों के झुंड ने राहगीरों पर हमला कर दिया। यह देखकर राहगीरों और रोड़ के किनारे स्थित दुकानदारों में भगदड़ मच गई। दुकानदारों और ग्राहकों ने तो किसी तरह दुकान के अंदर छिपकर अपनी जान बचाई। किंतु मधुमक्खियों के जहरीले डंक से मार्ग से गुजर रहे राहगीर रामू 50 वर्ष पुत्र रामदास निवासी मोहल्ला प्रेमगंज बांगरमऊ व मानसिंह 45 वर्ष पुत्र साहबलाल निवासी ग्राम शीतल गंज बांगरमऊ तथा देवेंद्र कुमार 45 वर्ष पुत्र हेमराज निवासी मोहल्ला माडल विहार कालोनी उन्नाव गंभीर घायल हो गए। पड़ोसी दुकानदारों ने तीनों घायलों को आनन-फानन नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों रामू व मानसिंह को जिला अस्पताल रेफर किया ।

## शहीद की बेटी के उत्पीड़न का आरोप, भाकियू (सावित्री) ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में तैनात शहीद सूबेदार की बेटी ने कथित उत्पीड़न की शिकायत की है। मंगलवार दोपहर भारतीय किसान यूनियन (सावित्री) के पदाधिकारियों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। संगठन ने चेतावनी दी कि 25 नवंबर 2026 तक न्याय नहीं मिला तो जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन के मुताबिक, शहीद सूबेदार राम शंकर द्विवेदी की बेटी पूनम सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में कनिष्ठ सहायक के पद पर तैनात हैं। आरोप है कि कार्यालय में तैनात स्क्वाड्रन लीडर मधु मिश्रा उन्हें लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान कर रही हैं। कार्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के माध्यम से भी परेशान किए जाने की शिकायत की गई है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि पूनम को कार्यालय में काम नहीं दिया जाता और जरूरी पत्र उपलब्ध नहीं कराए जाते। उनके काम में रुकावटें डाली जाती हैं। उन्हें बाथरूम में बंद करने जैसी घटनाएं होने का भी आरोप लगाया गया है। पूनम ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## सम्पादकीय

# घर के भेदियों पर रखनी होगी नजर



पढ़ोस

ओमकार चौधरी

1971 में बांग्लादेश को स्वतंत्र राष्ट्र बनाने के लिए भारत ने सैनिकों का बलिदान दिया, करीब एक करोड़ शरणार्थियों का बोझ उठाया व अंतरराष्ट्रीय दबाव का सामना किया था। लेकिन आज उसी बांग्लादेश के साथ रिश्ते अविश्वास और तनाव के दौर से गुजर रहे हैं। शेख हसीना की सत्ता से विदाई, उनका भारत में रहना, प्रत्यर्पण की मांग और बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतों का बढ़ता प्रभाव द्विपक्षीय संबंधों को नई चुनौती दे रहे हैं। तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने के बाद भी तल्खी कम नहीं हुई है। ऐसे मे सवाल है कि क्या बांग्लादेश अपनी घरेलू राजनीति में भारत विरोध को हथियार बनाने से बाज आएगा? क्या दोनों देश ऐतिहासिक रिश्तों और साझा हितों को प्राथमिकता देकर अविश्वास की खाई पाट पाएंगे?

देश की सुरक्षा के लिए सीमा पर दुश्मन की हर गतिविधि पर नजर रखना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी अपने सुरक्षा तंत्र के भीतर मौजूद कमजोर कड़ियों को पहचानना भी है। युद्ध और जासूसी का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। अब दुश्मन केवल सीमाओं पर घुसपैठ या सैन्य टकराव के जरिये चुनौती नहीं दे रहा, बल्कि वह हमारे ही लोगों को लालच, प्रलोभन और ब्लैकमेल के जाल में फंसाकर देश की संवेदनशील सूचनाएं हासिल करने की कोशिश कर रहा है। एयरफोर्स चीफ अशुतोष दीक्षित की चेतावनी इसी गंभीर चुनौती की ओर ध्यान खींचती है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि विदेशी जासूसी नेटवर्क अब हनी ट्रैप तक सीमित नहीं हैं। साइबर हमलों और दूसरे तरीकों से भी रक्षा क्षेत्र की गोपनीय जानकारियां जुटाई जा रही हैं। चिंता की बात यह है कि जासूसी के इस खेल में दुश्मन सोशल मीडिया पर दोस्ती और प्रेम संबंधों का सहारा लेने के साथ आर्थिक मजबूरियों को भी हथियार बना रहा है। मल्टीलेवल मार्केटिंग और कर्ज के जाल में फंसाकर लोगों से गोपनीय सूचनाएं हासिल करने की कोशिशें हो रही हैं। इस साल हनी ट्रैप के चार मामले सामने आना बताता है कि खतरा केवल आशंका नहीं, बल्कि वास्तविक चुनौती बन चुका है। इन मामलों में नौसेना के दो जवान, वायुसेना का एक विंग कमांडर और एक पूर्व सैनिक शामिल होना इस बात का संकेत है कि कोई भी व्यक्ति इस तरह के जाल का निशाना बन सकता है। सुरक्षा तंत्र में शामिल किसी व्यक्ति की एक छोटी-सी चूक भी दुश्मन के लिए बड़ी कामयाबी बन सकती है। सैन्य ठिकानों की स्थिति, हथियारों की क्षमता, तैनाती, अभियानों की योजना और रक्षा अनुसंधान से जुड़ी जानकारी दुश्मन के हाथ लगना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर परिणाम पैदा कर सकता है। इसलिए यह मानकर नहीं चला जा सकता कि वर्दी पहनने वाला या किसी रक्षा प्रतिष्ठान में काम करने वाला प्रत्येक व्यक्ति हर परिस्थिति में ऐसे खतरों से सुरक्षित है। सतर्कता और जवाबदेही दोनों जरूरी हैं। जासूसी का दूसरा बड़ा मोर्चा साइबर दुनिया है। रक्षा क्षेत्र में सरकारी संस्थानों के साथ निजी कंपनियों और अनुसंधान प्रयोगशालाओं की भूमिका भी लगातार बढ़ रही है। ऐसे में उनके कंप्यूटर नेटवर्क, सॉफ्टवेयर और डिजिटल संचार व्यवस्था को सुरक्षित रखना अनिवार्य है। किसी निजी कंपनी के नेटवर्क में सेंध लगाकर हासिल की गई जानकारी भी देश की सामरिक क्षमताओं को नुकसान पहुंचा सकती है। एयरफोर्स चीफ ने निजी रक्षा कंपनियों को सुरक्षित नेटवर्क और सही सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल की सलाह देने के लिए एजेंसी की भूमिका का उल्लेख किया है। लेकिन केवल सलाह जारी करना पर्याप्त नहीं होगा। उसका पालन सुनिश्चित करना और नियमित सुरक्षा ऑडिट करना भी जरूरी है। इसके साथ ही रक्षा प्रतिष्ठानों में काम करने वाले कर्मचारियों को सोशल मीडिया के इस्तेमाल, अनजान लोगों से संपर्क, संदिग्ध प्रस्तावों और आर्थिक प्रलोभनों के प्रति जागरूक करना होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा केवल हथियारों, मिसाइलों और आधुनिक लड़ाकू विमानों से सुनिश्चित नहीं होती, बल्कि उन सूचनाओं की गोपनीयता से भी जुड़ी होती है, जिनके आधार पर रक्षा रणनीति तैयार होती है। ऐसे में सवाल है कि जब दुश्मन हमारे ही लोगों को मोहरा बनाकर सुरक्षा तंत्र में सेंध लगाने की कोशिश कर रहा है, तो क्या हमारी निगरानी और आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था उसकी चालों से दो कदम आगे है? आखिर घर के भेदियों पर नजर रखे बिना देश की सुरक्षा का भरोसा कैसे कायम रह सकता है?

# भारत-बांग्लादेश संबंध और शेख हसीना

जिस बांग्लादेश के जन्म के लिए 1971 में भारत ने अपने सैनिकों का बलिदान दिया, लगभग एक करोड़ शरणार्थियों का बोझ उठाया और अंतरराष्ट्रीय दबाव का सामना किया, उसी बांग्लादेश के साथ आज भारत के संबंध असहज हैं। इतिहास, भूगोल, भाषा, संस्कृति और आर्थिक हितों से जुड़े दोनों देशों के बीच अविश्वास की दीवार लगातार ऊंची होती दिखाई देती है। विशेष रूप से 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना की सरकार गिरने और उनके भारत आने के बाद संबंधों में जो तनाव पैदा हुआ, वह फरवरी 2026 में तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने के बावजूद समाप्त नहीं हो सका। अब शेख हसीना की संभावित स्वदेश वापसी ने इस विवाद को नया मोड़ दे दिया है। सवाल केवल एक पूर्व प्रधानमंत्री के प्रत्यर्पण का नहीं, बल्कि बांग्लादेश की राजनीति में भारत की भूमिका, कट्टरपंथी शक्तियों के प्रभाव और दक्षिण एशिया के बदलते सामरिक समीकरणों का भी है। 1947 में पाकिस्तान बनने के साथ ही पूर्वी व पश्चिमी पाकिस्तान के बीच भाषायी, सांस्कृतिक, राजनीतिक तथा आर्थिक असमानताएं सामने आने लगी थीं। पूर्वी पाकिस्तान की बंगाली आबादी को सत्ता में उचित भागीदारी नहीं मिली। 1970 के आम चुनाव में शेख मुजीबुर्रहमान की अवामी लीग को बहुमत मिलने के बावजूद सत्ता हस्तांतरण रोक दिया गया। 25 मार्च 1971 को पाकिस्तानी सेना ने पूर्वी पाकिस्तान में व्यापक दमन अभियान शुरू किया। लाखों लोग हिंसा से बचने के लिए भारत पहुंचे। दिसंबर 1971 तक लगभग 99 लाख शरणार्थी भारत आ चुके थे। भारत ने मुक्ति वाहिनी को सहयोग दिया और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश के पक्ष में अंतरराष्ट्रीय जनमत तैयार करने का प्रयास किया। 3 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान के हवाई हमलों के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध शुरू हुआ। 16 दिसंबर को ढाका में पाकिस्तानी सेना ने आत्मसमर्पण किया और बांग्लादेश स्वतंत्र राष्ट्र बना। इस ऐतिहासिक योगदान को नकारना संभव नहीं।

लेकिन विडंबना है कि स्वतंत्रता के बाद भी बांग्लादेश की राजनीति का एक प्रभावशाली हिस्सा भारत के प्रति संदेह और विरोध की राजनीति करता रहा। बांग्लादेश के भीतर भारत विरोधी राजनीति की जड़ें केवल हाल के घटनाक्रमों में नहीं हैं। 1971 में पाकिस्तान का समर्थन करने वाली जमात-ए-इस्लामी जैसी शक्तियां स्वतंत्रता के बाद भी राजनीतिक रूप से सक्रिय रहीं। शेख मुजीबुर्रहमान की 15 अगस्त 1975 को हत्या के बाद बांग्लादेश की सत्ता और वैचारिक दिशा में बड़े परिवर्तन हुए। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के बीच पूर्व में राजनीतिक गठबंधन भी रहे हैं। भारत के साथ जल बंटवारे, सीमा प्रबंधन और व्यापार से जुड़े वास्तविक विवादों को भी समय-समय पर भारत विरोधी राजनीतिक अभियान का आधार बनाया गया। अवामी लीग के शासनकाल में भारत के साथ सहयोग अपेक्षाकृत मजबूत रहा। विशेषकर 2009 के बाद शेख हसीना ने भारत की सुरक्षा चिंताओं को महत्व दिया। पूर्वोत्तर भारत से जुड़े उग्रवादी नेटवर्कों के विरुद्ध सहयोग, सीमा प्रबंधन, संपर्क परियोजनाओं और बिजली व्यापार में प्रगति हुई। लेकिन शेख हसीना के शासन में विपक्ष के दमन, लोकतांत्रिक



संस्थाओं की स्वतंत्रता और चुनावी निष्पक्षता पर गंभीर सवाल भी उठे। विरोधियों ने भारत पर हसीना सरकार को अत्यधिक राजनीतिक समर्थन देने का आरोप लगाया। इससे बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में भारत विरोधी धारणाओं को और जगह मिली। जुलाई 2024 में सरकारी नौकरियों के आरक्षण के विरुद्ध शुरू हुआ छात्र आंदोलन व्यापक सरकार विरोधी विद्रोह में बदल गया। प्रदर्शनकारियों पर हिंसक कार्रवाई के आरोपों और राजनीतिक संकट के बीच 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना ने सत्ता छोड़ी तथा भारत आ गईं। इसके बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनी। इस अवधि में भारत-बांग्लादेश संबंध तेजी से बिगड़े। बांग्लादेश में हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों पर हमलों, अवामी लीग से जुड़े व्यक्तियों के विरुद्ध हिंसा और भारतीय हितों को लेकर आक्रामक बयानों ने नई दिल्ली की चिंताएं बढ़ाईं।

दूसरी ओर, ढाका की मुख्य मांग थी कि भारत शेख हसीना को वापस भेजे, ताकि उनके विरुद्ध मुकदमा चलाया जा सके। नवंबर 2025 में बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने 2024 के दमन से संबंधित मानवता के विरुद्ध अपराधों के मामले में हसीना को उनकी अनुपस्थिति में मृत्युदंड सुनाया। इसके बाद प्रत्यर्पण का विवाद और गंभीर हो गया। भारत सरकार ने संसद की विदेश मामलों की समिति को बताया कि प्रत्यर्पण अनुरोध पर सक्षम अधिकारी कानून के अनुसार विचार कर रहे हैं। 12 फरवरी 2026 के संसदीय चुनाव में बीएनपी ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया और 17 फरवरी को तारिक रहमान प्रधानमंत्री बने। जमात-ए-इस्लामी 68 सीटें जीतकर प्रमुख विपक्षी शक्ति के रूप में उभरी। यह बांग्लादेश की राजनीति में महत्वपूर्ण परिवर्तन था, क्योंकि 1971 में पाकिस्तान का समर्थन करने वाला संगठन अब संसदीय विपक्ष का नेतृत्व कर रहा है। बांग्लादेश की बदलती विदेश नीति भारत के लिए एक अलग सामरिक चुनौती है। जून 2026 में तारिक रहमान की चीन यात्रा के दौरान बुनियादी ढांचे और बंदरगाह परियोजनाओं पर विशेष जोर दिया गया। चीन पहले से बांग्लादेश को महत्वपूर्ण सैन्य उपकरण उपलब्ध कराता रहा है। पाकिस्तान के साथ भी संपर्क बढ़ा है। जनवरी 2026 में ढाका और कराची के बीच लगभग 14 वर्षों बाद सीधी विमान सेवा बहाल हुई। सितंबर में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की मुलाकात हुई। भारत के दृष्टिकोण से चिंता केवल बांग्लादेश के चीन या पाकिस्तान से संबंध रखने की नहीं है। इस बीच राजनयिक संवाद पूरी तरह बंद नहीं हुआ। अप्रैल में बांग्लादेश के विदेश मंत्री ने भारतीय विदेश मंत्री से मुलाकात की। भारत ने दिनेश त्रिवेदी को ढाका में उच्चायुक्त नियुक्त किया। व्यापार संबंधी बातचीत भी दोबारा शुरू हुई। इसके बावजूद 16 नवंबर 2026 तक दोनों प्रधानमंत्रियों की प्रस्तावित द्विपक्षीय मुलाकात नहीं हो सकी है।

स्पष्ट है कि संवाद की बहाली और राजनीतिक विश्वास की बहाली अभी दो अलग-अलग प्रक्रियाएं बनी हुई हैं। लेकिन प्रश्न बांग्लादेश की सरकार से भी है। क्या वह अपनी विदेश नीति को घरेलू भारत विरोधी राजनीति से अलग रख पाएगी? क्या अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी? क्या कट्टरपंथी शक्तियों को भारत के विरुद्ध राजनीतिक लामबंदी का अवसर मिलता रहेगा? शेख हसीना की वापसी दोनों देशों के लिए एक परीक्षा अवश्य है, लेकिन उससे भी बड़ा प्रश्न यह है कि क्या बांग्लादेश की नई राजनीतिक व्यवस्था भारत के साथ अविश्वास और टकराव की राजनीति से बाहर निकलने को तैयार है?

## दिवस विशेष

महेन्द्र तिवारी



# युवा चेतना से ही उज्ज्वल बनेगा भविष्य

विद्यार्थी किसी भी समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। उनके भीतर भविष्य के सपने होते हैं, वर्तमान को समझने की जिज्ञासा होती है और व्यवस्था को बेहतर बनाने का साहस भी होता है। विद्यार्थी केवल पुस्तकों में लिखे पाठों को याद करने वाला व्यक्ति नहीं होता, बल्कि वह अपने समय, समाज और परिस्थितियों को समझने वाला जागरूक नागरिक भी होता है। उसकी सोच में नए विचारों के बीज होते हैं और उसके संकल्प में आने वाले कल की संभावनाएं छिपी होती हैं। इसी महत्व को रेखांकित करने के लिए प्रत्येक वर्ष 17 नवंबर को अन्तरराष्ट्रीय छात्र दिवस मनाया जाता है। यह दिवस विद्यार्थियों के संघर्ष, साहस, अधिकारों, स्वतंत्रता और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण को स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है। अन्तरराष्ट्रीय छात्र दिवस का इतिहास अत्यंत मार्मिक और प्रेरणादायक है। इसकी पृष्ठभूमि द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान यूरोप में घटित उन घटनाओं से जुड़ी है, जब जर्मनी के नाजी शासन ने चेकोस्लोवाकिया पर अधिकार कर लिया था। वर्ष 1939 में वहां के विद्यार्थी विदेशी शासन के विरोध में आवाज उठा रहे थे। 28 अक्टूबर को चेकोस्लोवाकिया की स्वतंत्रता की वर्षगांठ के अवसर पर हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान युवा श्रमिक वाक्लाव सेरुलाचेक और चिकित्सा के विद्यार्थी जान ओप्लेताल घायल हुए। बाद में जान ओप्लेताल की मृत्यु हो गई। 15 नवंबर को उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। यह शोक यात्रा धीरे-धीरे नाजी शासन के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन में बदल गई। विद्यार्थियों के इस साहस से भयभीत होकर नाजी शासन ने 17 नवंबर 1939 को कठोर दमनात्मक कार्रवाई की। प्राग और अन्य स्थानों के विद्यार्थी छात्रावासों तथा शिक्षण संस्थानों से गिरफ्तार किए गए। नौ विद्यार्थी नेताओं और शिक्षकों को बिना मुकदमे के मृत्युदंड दे दिया गया। एक हजार से अधिक विद्यार्थियों को यातना शिविरों में भेज दिया गया और चेक विश्वविद्यालयों को बंद कर दिया गया। यह घटना केवल विद्यार्थियों पर किया गया अत्याचार नहीं थी, बल्कि विचारों की स्वतंत्रता, शिक्षा के अधिकार और मानवीय गरिमा पर किया गया आघात भी थी। इन बलिदानों की स्मृति में 1941 में लंदन में 17 नवंबर को अन्तरराष्ट्रीय छात्र दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई। तब से यह दिन दुनिया भर में विद्यार्थी एकता और स्वतंत्रता के संघर्ष का प्रतीक बन गया। हालांकि आज का विद्यार्थी अनेक चुनौतियों से भी जूझ रहा है। शिक्षा का बढ़ता खर्च, महंगी पुस्तकें, निजी शिक्षण संस्थानों की भारी फीस, प्रतियोगी परीक्षाओं का दबाव और रोजगार की अनिश्चितता उसके सामने गंभीर समस्याएं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी अनेक विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पुस्तकालय, प्रयोगशाला और इंटरनेट जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करना अब भी आसान नहीं है। कई प्रतिभाशाली विद्यार्थी केवल आर्थिक अभाव के कारण अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ने को विवश हो जाते हैं। यह स्थिति किसी भी संवेदनशील समाज के लिए चिंता का विषय होनी चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी प्राप्त करना नहीं होना चाहिए। शिक्षा व्यक्ति को विवेकशील, संवेदनशील, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार बनाती है। वह सही और गलत के बीच अंतर करना सिखाती है। एक शिक्षित विद्यार्थी अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों को भी समझता है। वह समाज में फैली कुरीतियों, अंधविश्वास, भेदभाव, जातिगत संकीर्णता और लैंगिक असमानता के विरुद्ध तार्किक दृष्टिकोण विकसित कर सकता है। इसलिए शिक्षा को केवल परीक्षा और अंकों तक सीमित कर देना उसके व्यापक उद्देश्य को कमजोर करना है। अन्तरराष्ट्रीय छात्र दिवस हमें यह संदेश देता है कि विद्यार्थी केवल अपने परिवार का भविष्य नहीं, बल्कि राष्ट्र और मानवता की आशा भी है। उनकी आवाज में समाज को बदलने की शक्ति है और उनके विचारों में नई सभ्यता के निर्माण की संभावना है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम विद्यार्थियों को केवल भविष्य का नागरिक न मानें, बल्कि वर्तमान का सक्रिय और जिम्मेदार भागीदार भी समझें।

## संकर सहज स्वरूप सम्हारा



संकलित

दर्शन

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में नवधाभक्ति का दर्शन होता है। उनमें अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रकृति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। कथा श्रवण में इतनी रुचि, यह दूसरी भक्ति शिव में है।

## मृत्यु अटल है, जो ये बात समझते हैं, वे प्रसन्न रहेंगे



संकलित

प्रेरणा

एक प्रवचन के बाद एक व्यक्ति तुकाराम के पास आया और बोला कि आप इतने आनंद में और शांत कैसे रहते हैं? तुकाराम जी ने उस व्यक्ति की बातें ध्यान से सुनीं और अचानक बोले कि भाई सात दिनों के बाद तुम्हारी मृत्यु होने वाली है। ये बात सुनते ही तुरंत ही उस व्यक्ति की हालत खराब हो गई। क्योंकि वह मानता था कि तुकाराम जी बहुत सिद्ध संत हैं, इनकी बात गलत नहीं हो सकती है। उसने तय किया कि जीवन के सात दिन बचे हैं तो अब आनंद के साथ ही जीना चाहिए। उस व्यक्ति ने अपनी जीवन शैली ही बदल दी। सभी के साथ प्रेम से रहने लगा। उसने जो गलतियां की थीं, उनमें सुधार किया। जिन लोगों को उसकी वजह से दुःख पहुंचा था, उनसे क्षमा मांगी। हर पल प्रसन्न रहने लगा। इसी तरह सातवां दिन आ गया। उसने सोचा कि अंतिम दिन आपसे भी मिल लेना चाहिए। वह तुरंत ही तुकाराम जी के पास पहुंच गया। उसने कहा कि जैसा आपने कहा था कि मेरी सात दिन बाद मृत्यु होगी। आज सातवां दिन है। अंतिम दिन मैं आपसे मिलने आया हूं। तुकाराम जी ने उसकी बात सुनी और कहा कि जुग-जुग जियो। ये बात सुनकर उस व्यक्ति ने कहा कि गुरु जी मैं अगले दिन तो मैं मर जाऊंगा तो आप ऐसा आशीर्वाद क्यों दे रहे हैं? तुकाराम जी ने कहा कि मैंने तो तुम्हें तुम्हारे ही सवाल का जवाब दिया था, तुमने मेरे प्रसन्न रहने का रहस्य पूछा था।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**जब ठहर गया अमरीका का आसमान**


अमरीकी दें आई विमानन क्षेत्र को लेकर केवल एक देश के हवाई यातायात में आई अव्यवस्था की कहानी नहीं है, बल्कि आधुनिक तकनीक पर अत्यधिक निर्भर होती दुनिया के जोखिमों को भी। एक छोटे तकनीकी विवाद, वैज्ञानिक लापरवाह और आधुनिक फेसियल एक्सरसाइज का आपसी मेल सामने आता है, उसने के हवाई यातायात तंत्र में आई गंभीर तकनीकी गड़बड़ी ने हजारों उड़ानों को प्रभावित कर दिया। गत 13 नवंबर को अमरीका के संघीय विमानन प्रशासन ने हवाई यातायात नियंत्रण केंद्रों में उपकरण संबंधी समस्या के कारण देशभर से उड़ान भरने वाले विमानों पर अस्थायी रोक लगा दी। यह फैसला सामान्य परिचालन बाधा नहीं था, बल्कि यात्रियों और विमानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया एक असाधारण कदम था। - विनीत वेलमुरुगन, बिलासपुर

### टेंड

**जन्मदिन की शुभकामनाएं**


बिहार के कुशलतापूर्ण सफल मुख्यमंत्री को लगातार दसवीं बार शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। वे बिहार के विकास को नई ऊंचाई देने और प्रदेशवासियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर अनेक प्रयास कर रहे हैं। ईश्वर उन्हें दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करे। -नरेंद्र मोदी, पीएम

**सपा महत्वपूर्ण सहयोगी**



आप हमारी महत्वपूर्ण सहयोगी हैं। सीटों का बंटवारा सम्मानजनक तरीके से होना चाहिए। आपसे बात करके आगामी रणनीति तय होगी। उन्हें प्रदेश के लोग बहुत पसंद करते हैं। पार्टी इंडिया गठबंधन के हर निर्णय में उनका पूरा सहयोग देगी। -राहुल गांधी, नेता विपक्ष

**मिलकर चुनाव लड़ेंगे**



हम सभी पार्टी इंडिया गठबंधन के तहत मिलकर चुनाव लड़ेंगी। गठबंधन में प्रत्येक दल का आधार उसकी लोकप्रियता और सीटों की संख्या होगी। जिस उम्मीदवार को सबसे बेहतर माना जाएगा, गठबंधन की ओर से उसी को चुनाव लड़ाया जाएगा और जिताया जाएगा।

-अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष

**ये महाकाल की धरती**



जो हमारे अपने और करोड़ों लोगों को रोजगार दे रहे थे, उन्हें बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया गया। हमारे सैनिकों की छाती छलनी कर दी गई है। लेकिन मैं आपको बता दूं कि ये महाकाल की धरती है और यहां आने से हमें कोई नहीं रोक सकता। 'खेलो का खून है शामिल यहां की मिट्टी में' किसी के बाप का हिन्दुस्तान थोड़ी है।' -दिलजीत दोसांझ, पंजाबी गायक

## करंट अफेयर

# अचानक यूक्रेन पहुंचे हैरी सैनिकों के जज्बे को सराहा

ब्रिटेन के प्रिंस हैरी ने यूक्रेन के घायल पूर्व सैनिकों की रविवार को सराहना करते हुए उन्हें समाज के लिए आदर्श बताया और कहा कि दुनिया को इन सैनिकों को लगातार सहयोग देना चाहिए। हैरी ने युद्धग्रस्त यूक्रेन की अपनी अघोषित सप्ताहांत यात्रा पूरी की। युद्ध शुरू होने के बाद हैरी की यह यूक्रेन की चौथी यात्रा थी। वहीं, पश्चिमी शहर लीव का उनका यह दूसरा दौरा था। उन्होंने लीव में 'सुपरह्यूमन्स सेंटर' में मरीजों और कर्मचारियों से मुलाकात की। यह एक हड्डी रोग एवं पुनर्वास केंद्र है, जहां घायल सैन्यकर्मियों और आम नागरिकों का इलाज किया जाता है।



## ऑफ बीट

# खाद्य पदार्थों को 'ऑर्गेनिक' क्या बनाता है? नहीं मिलता जवाब

'ऑर्गेनिक' (जैविक) एक ऐसा शब्द है, जिससे सामना हम हर बार सुपरमार्केट में खरीदारी करते समय करते हैं। हालांकि, अलग-अलग लोगों के लिए इसके मायने भी अलग-अलग हो सकते हैं। सर्वेक्षणों से पता चलता है कि स्वाद, गुणवत्ता, पर्यावरण संबंधी चिंताएं और स्वास्थ्य व सुरक्षा से जुड़े संचयित लाभ उपभोक्ताओं को 'ऑर्गेनिक' खाद्य पदार्थ खरीदने के लिए प्रेरित करते हैं। शोध से पता चलता है कि अच्छे भोजन की तलाश लोगों को सुपरमार्केट से निकलकर सीधे किसानों और उत्पादकों तक, यहां तक कि अपने घर के बगीचों तक ले जा सकती है। एक सर्वेक्षण में सामने आया कि



## संक्षेप

### बाइक की टक्कर से महिला और सवार घायल

**अमेठी के भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र में हादसा, हसीर अहमद की हालत गंभीर**

अमेठी , भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र में मंगलवार को बाइक ने सड़क पार कर रही महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला और बाइक सवार हसीर अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए।करीब 22 साल के हसीर अहमद रस्तामऊ के रहने वाले हैं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। थाना प्रभारी अजेंद्र पटेल ने बताया कि दोनों घायलों की सांसें चल रही हैं, लेकिन उनकी हालत गंभीर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### त्योहारों में कानून व्यवस्था बनाए रखने वालों का सम्मान

**मुसाफिरखाना में पुलिसकर्मियों और दुर्गा पूजा समितियों को सम्मानित किया गया**

मुसाफिरखाना,नगर पंचायत मुसाफिरखाना परिसर में श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति और उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने सम्मान समारोह आयोजित किया। इसमें पुलिसकर्मियों और दुर्गा पूजा समितियों को सम्मानित किया गया।आयोजकों के मुताबिक, सम्मान विगत त्योहारों में शांति बनाए रखने, अपराध रोकने और कानून व्यवस्था संभालने में सहयोग के लिए दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह थे। क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल सिंह, प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह, इंस्पेक्टर श्रवण श्रीवास्तव और उपनिरीक्षक गोपालमणि मिश्रा समेत पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।आयोजकों ने कहा कि त्योहारों के दौरान पुलिस ने सुरक्षा, यातायात और कानून व्यवस्था संभालने के लिए ड्यूटी की। पुलिसकर्मियों की सक्रियता और पूजा समितियों के सहयोग से त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए।इस मौके पर दीवान नीरज यादव, अमित यादव, मोहित मिश्रा और विवेक सिंह चौहान समेत पुलिसकर्मियों और दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पुलिस और नागरिकों के बीच बेहतर तालमेल से इलाके में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलती है।

### सरकारी स्कूल में स्मार्ट क्लास से पढ़ रहे 125 विद्यार्थी

**पहले जर्जर भवन में टाट-पट्टी पर बैठते थे, कबड्डी में मंडल स्तर पर भी बने विजेता**

अमेठी , कम्पोजिट विद्यालय नेवढ़िया में वर्ष 2017 के बाद सुविधाओं में लगातार सुधार हुआ है। कभी जर्जर भवन और टूटी फर्श वाले इस विद्यालय में बच्चों के बैठने तक की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। विद्यार्थी टाट-पट्टी और बोरियों पर बैठकर पढ़ाई करते थे।बिजली कनेक्शन नहीं था और पीने के पानी के लिए परिसर से बाहर हैंडपंप तक जाना पड़ता था। मिशन कायाकल्प के तहत विद्यालय में जरूरी सुविधाएं विकसित की गईं।

# रुपईडीहा में निकली नव कुंडीय गायत्री महायज्ञ की भव्य कलश शोभायात्रा, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच।स्थानीय राम जानकी इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित नव कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा को लेकर सोमवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में गायत्री परिवार की महिलाओं एवं पुरुषों सहित हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।विदित हो कि दिनांक 17 नवंबर से 20 नवंबर तक आयोजित होने वाली प्रज्ञा पुराण कथा एवं नव कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन श्री राम जानकी इंटर कॉलेज के मैदान में किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को विधि-विधान के साथ कलश शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए भ्रमण के लिए रवाना हुई।शोभायात्रा में राम जानकी संस्थान के सदस्यों के साथ गायत्री परिवार की महिला एवं पुरुष श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल रहे।इस अवसर पर अध्यापक बनारस गिरी, कौशल किशोर वर्मा, एसपी सिंह, व्यापार मंडल के योगेंद्र शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।कलश शोभायात्रा के दौरान पूरा नगर भक्तिमय माहौल में नजर आया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रुपईडीहा पुलिस पूरे कार्यक्रम के दौरान मुस्तैद रही तथा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था संभालती नजर आई।आयोजकों ने श्रद्धालुओं से 20 नवंबर तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण एवं यज्ञ में सहभागिता करने की अपील की।

# नवागत बीडीओ बलहा अखिलेश कुमार गुप्ता ने संभाला पदभार

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए शासन की ओर से लगातार अधिकारियों के तबादले किए जा रहे हैं इसी क्रम में गैर जनपद से तबादला होकर आए खंड विकास अधिकारी अखिलेश कुमार गुप्ता को बलहा विकासखंड की जिम्मेदारी मिली है।

आपको बताते चलें कि मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने जिले के 14 विकास खंडों में से पांच विकासखंड के खंड विकास अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया । पूर्व में बलहा ब्लाक में अतिरिक्त चार्ज पर तैनात रहे खंड विकास अधिकारी शिवपुर आलोक वर्मा को बलहा से उनका तबादला विशेश्वरगंज होने पर से अयोध्या से स्थानांतरित होकर जिले में आए नवागत खंड विकास अधिकारी अखिलेश कुमार गुप्ता को सीडीओ सुनील कुमार धनवंता ने बलहा की जिम्मेदारी दी है।

इसी क्रम में पत्रकारों के सवालों के जवाब में नवागत बीडीओ बलहा अखिलेश गुप्ता ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की सभी ग्रामीण विकास योजनाओं (जैसे- मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) को सही ढंग से लागू करना और उनकी निगरानी करना। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्तियों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचना हमारी प्राथमिकता होगी भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी।

# छठ पूजा के दृष्टिगत मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट ने आयोजित की नशा उन्मूलन गोष्ठी

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। छठ पूजा पर्व के दृष्टिगत ग्राम पंचायत कलवारी में अध्यक्ष एस पी सिंह के नेतृत्व में मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से नशा उन्मूलन जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में बाबू बद्री सिंह ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और सामाजिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित करता है, नशे की लत के कारण कई परिवार आर्थिक एवं सामाजिक परेशानियों का सामना करते हैं। छठ पूजा जैसे पवित्र पर्व पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि स्वयं नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। ट्रस्ट उपाध्यक्ष दुर्गेश वर्मा ने कहा कि मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट का उद्देश्य समाज में जनजागरूकता फैलाना, जरूरतमंदों की सहायता करना और नशामुक्त समाज की स्थापना के लिए निरंतर प्रयास करना है। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करें तथा युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें गोष्ठी के अंत में उपस्थित लोगों ने नशामुक्त समाज बनाने और अपने परिवार एवं गांव को नशे से दूर रखने का सामूहिक संकल्प लिया।

# शादी समारोह में जा रहा परिवार हादसे का शिकार, पति गंभीर घायल

**बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दंपती और मासूम बच्चा घायल, चालक वाहन समेत फरार**

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। थाना क्षेत्र के कुंडासर के निकट वजीरगंज मोड़ पर नेशनल हाईवे पर बोलेरो और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार दंपती समेत उनका मासूम बच्चा घायल हो गया। हादसे में मेराज पुत्र शमशेर निवासी बंभियारी को गंभीर चोटें आईं, जबकि उनकी पत्नी अन्नी और बच्चे को मामूली चोटें आई हैं।

जानकारी के अनुसार मेराज अपनी पत्नी और छोटे बच्चे के साथ बाइक से शादी समारोह में शामिल होने रायगढ़ बेहड़ जा रहे थे। इसी दौरान फखरपुर की ओर से कैसरगंज की तरफ जाते समय सामने से आ रही बोलेरो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की मदद से नेशनल हाईवे की एंबुलेंस द्वारा गंभीर रूप से घायल मेराज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज पहुंचाया गया। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर मारने के बाद बोलेरो चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

# 19 नवंबर को एसकेएस आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज सबलापुर में लगेगा चिकित्सा शिविर

**वृद्धजनों को मिलेगा पंचकर्म चिकित्सा का लाभ**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। टिकोरा-सीतापुर रोड पर सबलापुर स्थित डा. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की ओर से 19 नवंबर को सुबह 10 बजे से चिकित्सालय परिसर में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें वृद्धजनों को आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति और पंचकर्म चिकित्सा के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें उपचार का लाभ दिलाया जाएगा। उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चिकित्सालय के जिन कर्मचारियों और स्टाफ ने स्वयं पंचकर्म चिकित्सा कराई है, वे अपने क्षेत्र और आसपास के गांवों के वृद्ध महिला एवं पुरुषों को इस चिकित्सा पद्धति के लाभ की जानकारी दें और उन्हें शिविर में आने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने सभी कर्मचारियों से कम से कम दो परिचित अथवा गांव-पड़ोस के वृद्धजनों को 19 नवंबर को चिकित्सालय लाने का प्रयास करने की अपील की, जिससे अधिक से अधिक बुजुर्ग इस चिकित्सा सुविधा का लाभ उठा सकें।

# मारपीट के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**मोहनगंज पुलिस ने कुल्हाड़ी बरामद की; ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , मोहनगंज थाने की पुलिस ने मारपीट के मामले में वांछित संदीप कुमार यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल कुल्हाड़ी भी बरामद की। यह कार्रवाई 17 नवंबर 2026 को ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत की गई।

पुलिस के मुताबिक, संदीप कुमार यादव (24) पूरे रानी मजरे तिलोई, थाना मोहनगंज, अमेठी का रहने वाला है। वह मुकदमा संख्या 318/26 में वांछित था। यह मुकदमा बीएनएस की धारा 190, 191(2), 191(3), 115(2) और 109(1) के तहत दर्ज है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में संदीप ने कहा कि 20 अक्टूबर 2026 को पुरानी रंजिश के चलते उसने अपने पिता, दो बहनों और साथी आदित्य पाठक के साथ मिलकर विपक्षी के साथ मारपीट की थी। उसके मुताबिक, उसने कुल्हाड़ी से और बाकी लोगों ने डंडों से हमला किया था। संदीप ने बताया कि उसने कुल्हाड़ी एक बाग की झाड़ियों में छिपाई थी। पुलिस ने पूरे बसावनदास गांव के पास एक बाग से कुल्हाड़ी बरामद की। गिरफ्तारी और बरामदगी के बाद पुलिस कानूनी कार्रवाई कर रही है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह की निगरानी में अभियान चलाया जा रहा था। क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र ने कार्रवाई की निगरानी की।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुरेश कुमार दीक्षित, हेड कांस्टेबल आशीष यादव, कांस्टेबल शिवम पाल और कांस्टेबल आदर्श शामिल थे।

# बेकाबू कार ने साइकिल-बाइक सवार को मारी टक्कर

**दोनों की मौत, चालक गंभीर घायल; कार में सवार थे चार लोग**

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , रोरावर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह तेज रफ्तार कार का अगला पहिया पंचर हो गया। इससे चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। बेकाबू कार ने पहले साइकिल सवार को पीछे से टक्कर मारी, फिर बाइक सवार को रौंदते हुए बिजली के पोल से जा भिड़ी। हादसे में साइकिल और बाइक सवार दोनों की मौत हो गई।साइकिल सवार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल बाइक सवार पवन शर्मा (45) की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में कार चालक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पत्नी को दवा दिलाकर गांव लौट रहे थे पवन

पवन शर्मा पुत्र मनवीर शर्मा, गांव बिसारा, थाना खैर के रहने वाले थे। मंगलवार सुबह वह अपनी पत्नी को दवा दिलाने के बाद बाइक से गांव लौट रहे थे।इसी दौरान गगन इंटर कॉलेज के पास कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पवन गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पवन के परिवार में पत्नी, एक बेटा और दो बेटियां हैं। उनकी मौत से परिवार में मातम पसरा है।

### कार में महिला मरीज समेत चार लोग थे सवार

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार में चालक समेत चार लोग सवार थे। इनमें एक महिला मरीज भी थी, जिसे अस्पताल ले जाया जा रहा था। कार नादा बाईपास पुल की तरफ से अलीगढ़ आ रही थी। गगन इंटर कॉलेज के पास कार का अगला पहिया पंचर होने के बाद यह हादसा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस हादसे की परिस्थितियों और कार के अनियंत्रित होने के कारणों की जांच कर रही है।

# पिकअप से टकराई बाइक, महिला और बच्ची की मौत

**सुल्तानपुर में ग्रामीणों ने शव रखकर लगाया जाम, कार्रवाई की मांग**

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , दोस्तपुर थाना क्षेत्र में सोमवार देर शाम पिकअप की टक्कर से घायल हुई 30 वर्षीय मंजू और पांच वर्षीय गुड्डी की मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग भी घायल हुए थे। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार शाम करीब 5 बजे दोनों के शव गांव पहुंचे तो आक्रोशित ग्रामीणों ने भुलिया ग्रामीण बैंक के सामने शव रखकर दोस्तपुर-कादीपुर मार्ग जाम कर दिया।

### बैटरी रिक्शा को ओवरटेक करते समय हुआ हादसा

कटघरापट्टी गांव के चार लोग सोमवार को बाइक से दोस्तपुर बाजार आए थे। देर शाम लौटते समय बैटरी रिक्शा को ओवरटेक करने की कोशिश में उनकी बाइक सामने से आ रही पिकअप से टकरा गई। हादसे में मंजू, गुड्डी और विजय समेत चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पुलिसकर्मी आनंद और उपनिरीक्षक अनूप सिंह मौके पर पहुंचे। घायलों को दोस्तपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां डॉ. हेमंत वर्मा ने प्राथमिक उपचार के बाद चारों को जिला अस्पताल अंबेडकरनगर रेफर कर दिया।

### लखनऊ ट्रॉमा सेंटर में भर्ती थी गुड्डी

गंभीर हालत में गुड्डी को लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था। मंगलवार को मंजू की अंबेडकरनगर और गुड्डी की लखनऊ ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई।

### तहसीलदार और राजस्व निरीक्षक भी पहुंचे

शव गांव पहुंचने के बाद ग्रामीणों ने भुलिया ग्रामीण बैंक के सामने उन्हें रखकर जाम लगा दिया। सूचना पर दोस्तपुर थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति संभालने की कोशिश की जा रही है।

# कई एसडीएम इधर से उधर, सदर एसडीएम बनी मोनालिसा जौहरी

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



बहराइच।जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा शासकीय कार्यहित में जनपद में कार्यरत उप जिलाधिकारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार उप जिलाधिकारी सदर बहराइच अमन देओल को उप जिलाधिकारी कैसरगंज, उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) मोनालिसा जौहरी को उप जिलाधिकारी सदर बहराइच, उप जिलाधिकारी कैसरगंज प्रशान्त कुमार नायक को उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) के पद पर तैनात किया गया है। जबकि नवागंतुक उप जिलाधिकारी आकाश कुमार को उप जिलाधिकारी (न्यायिक) कैसरगंज की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# शादीशुदा गर्लफ्रेंड के घर घुसा, लोगों ने पीटकर मार डाला

**आपत्तिजनक हालत में पकड़ा; प्रतापगढ़ में 15 साल छोटी महिला से अफेयर था**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ , शादीशुदा प्रेमिका से मिलने पहुंचे 50 साल के प्रेमी को गांववालों ने पीट-पीटकर मार डाला। सोमवार रात वह अपने घर से करीब 500 मीटर दूर 35 साल की प्रेमिका से उसके घर गया था। गांववालों को यह बात पता चल गई। इसके बाद लोग लाठी-डंडे लेकर इकट्ठा हो गए। गांववाले घर पर पहुंचे, तो दोनों आपत्तिजनक स्थिति में थे। इस पर गुस्साए गांववालों ने प्रेमी पर हमला कर दिया। उसने भागने की कोशिश की। लेकिन, करीब 50 मीटर दूर खड़ंजे पर मुंह के बल गिर पड़ा। इसके बाद गांववालों ने उसे लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मार डाला। मामला जिला मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र का है। परदहा सुमेर गांव में जिलाजीत उर्फ जिल्लू रहता था। वह गांव के ही एक व्यक्ति का ट्रैक्टर चलाता था। जिलाजीत की पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। उसके कोई संतान भी नहीं थी। जिलाजीत 5 भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके 2 भाई फौजदार और सभाजीत हैं। दोनों भाई अलग रहते हैं। मां की मौत करीब 20 साल पहले हो चुकी है।

### 3 साल से चल रहा था अफेयर

जिलाजीत उर्फ जिल्लू का गांव की माला देवी (35) से अफेयर चल रहा था। माला देवी का पति सूर्य प्रकाश तिवारी सूरत में नौकरी करता है। जिलाजीत गांव में खेत जोतने का काम करता था। वह माला देवी का खेत भी जोतता था। करीब तीन साल जिलाजीत और माला के ने एक-दूसरे का मोबाइल नंबर ले लिया।

## संक्षेप

### घर में घुसकर मारपीट में युवक का सिर फोड़ा

**पीड़ित ने कई लोगों पर लगाया आरोप, कोतवाली प्रभारी से कार्रवाई की मांग की**

बागपत , मारपीट का मामला सामने आया है।पीड़ित ने कई लोगों पर घर में घुसकर उसके और परिवार के सदस्यों के साथ लाठी-डंडों तथा धारदार हथियारों से मारपीट करने का आरोप लगाया है। मामले में पीड़ित ने कोतवाली प्रभारी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार, 8 नवंबर 2026 को सुबह करीब आठ बजे पीड़ित अपने मकान पर मौजूद था।इसी दौरान गांव के कुछ लोग एक राय होकर उसके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने पीड़ित के सिर पर वार किया, जिससे उसका सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बीच-बचाव करने पहुंचे परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट की गई।पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन आरोप है कि अभी तक आरोपियों के खिलाफ मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ित ने कोतवाली प्रभारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही परिवार की सुरक्षा की गुहार भी लगाई है।

### एसपी ने तीन थानों के प्रभारी बदले

**उधम सिंह तालान को चांदीनगर की कमान, अमित कुमार को नई जिम्मेदारी**

बागपत ,एसपी पूर्णेन्दु सिंह ने जिले के तीन थानों के प्रभारी बदल दिए हैं। उन्होंने इंस्पेक्टर उधम सिंह तालान, दरोगा अमित कुमार सिंह और इंस्पेक्टर अनिल कुमार को नई जिम्मेदारी सौंपी है। पुलिस मीडिया सेल ने रात 9:45 बजे इन नियुक्तियों की जानकारी दी। तीनों को मिली नई तैनाती इंस्पेक्टर उधम सिंह तालान को चांदीनगर थाने का प्रभारी बनाया गया है। इससे पहले वह बालैनी थाने में तैनात थे। चांदीनगर थाने में तैनात दरोगा अमित कुमार सिंह को सिंघावली अहीर थाने की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, शिकायत प्रकोष्ठ के प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल कुमार को बिनौली थाने का प्रभारी बनाया गया है। तत्काल कार्यभार संभालने के निर्देश एसपी ने तीनों पुलिसकर्मियों को नई तैनाती पर तत्काल आमद दर्ज कराकर जिम्मेदारी संभालने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जनसमस्याओं का समय से निस्तारण करने को कहा है। पुलिस के मुताबिक, जिले की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से यह फेरबदल किया गया है।

### नरसी बोला- डॉन का फोन आया, मां मरी पड़ी है

**कपसाड़ केस की सुनवाई के दौरान प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता ने लगाई सवालों की झड़ी**

मेरठ , चर्चित कपसाड़ कांड की एक बार फिर अदालत में सुनवाई हुई। वादी नरसी के बयानों को लेकर प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता नेपाल सिंह सोम ने क्रॉस कव्श्चन की ऐसी झड़ी लगाई कि जिरह खिंचती चली गई। करीब साढ़े तीन घंटे से ज्यादा जिरह चली, जिसके बाद कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि 30 नवंबर निर्धारित कर दी।

# धूमधाम से प्रारंभ हुआ डेढ़ शतक पुराना ऐतिहासिक श्री राधा कृष्ण मेला

## बुढ़वां गांव में निकली भव्य शोभायात्रा मेले में हुआ राक्षस तृणावर्त का वध

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर , जनपद के अमौली विकासखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक गांव बुढ़वां में लगभग डेढ़ सौ वर्षों से चली आ रही धार्मिक परंपरा के अनुसार श्री राधा कृष्ण मेले का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया प्रथम दिवस पूर्व काल की तरह यथा स्थान से ग्रामीण समाजसेवी विराट शुक्ला की अगुवाई में भगवान श्री कृष्ण बलराम जी महाराज आदि देवी देवताओं की झांकियां निकाली गई जहां स्वचालित घोड़ो पर सवार होकर भगवान गांव की सभी मुख्य गलियों से भ्रमण करते हुए इष्ट देव बाबा ब्रह्मदेव आश्रम पहुंचे पूजन के पश्चात झांकी मेला प्रांगण पहुंची जहां मेले में आयोजित कृषि गोष्ठी के शुभारंभ में पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान का ग्रामीण समाजसेवी बृजेंद्र सचान ग्राम प्रधान सनोज कुमार आलोक गौड़ राकेश यादव आदि सभी लोगों ने मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री ने फीता काटकर कृषि मेले का शुभारंभ किया कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल का ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया कृषि गोष्ठी अंतर्गत जनपद के प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया वहीं क्षेत्रीय विधायक तथा कैबिनेट मंत्री ने किसानों को सरकार द्वारा संचालित नवीन योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया किसान मेले में उपस्थित प्रगतिशील किसान रमाकांत तिवारी श्यामू द्विवेदी समेत लगभग आठ लोगों को प्रतीक चिन्ह से भी सम्मानित किया गया वहीं पहुंचे लगभग 20 किसानों को निशुल्क बीज वितरण किया गया समूचे कार्यक्रम का संचालन शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी द्वारा संचालित हुआ झांकियों के साथ मेला पहुंचे भगवान कृष्ण एवं बलदाऊ जी के द्वारा पूतना राक्षसी तथा तृणावर्त राक्षस का वध संपन्न हुआ इस मौके पर अजय शुक्ला (कानपुर) उप संभागीय कृषि अधिकारी अन्वेषा देव कृषि प्रभारी विनय शर्मा समाजसेवी मनीष चौधरी मनु पांडेय प्रमोद सचान गौरव सौरभ हिमांक समेत आयोजक के सभी नजदीकी रिश्तेदार मौजूद रहे सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिकोण से जहानाबाद थाना प्रभारी योगेश कुमार समेत बड़ी पुलिस बल जगह-जगह तैनात रहा वहीं देर शाम भगवान की झांकियां गांव की मुख्य गलियों से होते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में कार्यरत उप निरीक्षक आनंद कुमार अवस्थी शिक्षक राजीव अवस्थी एवं श्याम किशोर शुक्ल आदि के निज निवास पहुंची जहां सभी लोगों ने भगवान की आरती पूजा करते हुए भोग लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# भाले से गोदकर बछड़े की हत्या

## गौसेवकों ने अंतिम संस्कार किया, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , बेजुबान पशुओं के साथ क्रूरता का मामला सामने आया है। गंगानगर थाना क्षेत्र के नगला साहू में असामाजिक तत्वों ने एक बछड़े की भाले से गोदकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। सूचना पर गौसेवक मयंक त्यागी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया और बछड़े की हालत देखकर गहरा दुख जताया। इसके बाद गौसेवकों ने मृत बछड़े का विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया।

### मौके पर पहुंची गौसेवकों की टीम

गंगानगर थाना क्षेत्र के नगला साहू में बछड़े की हत्या की जानकारी मिलने के बाद गौसेवक मयंक त्यागी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।गौसेवकों का कहना है कि बेजुबान पशु के साथ इस तरह की क्रूरता बेहद निंदनीय है। किसी भी पशु को इस तरह बेरहमी से मारना इंसानियत को शर्मसार करने वाला कृत्य है। टीम ने मृत बछड़े का विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया।


### आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

घटना को लेकर गौसेवकों में भारी आक्रोश है। मयंक त्यागी ने प्रशासन से मांग की कि इस अमानवीय कृत्य में शामिल आरोपियों की जल्द से जल्द पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए।

# प्यार ठुकराने पर फेसबुक पर सुसाइड-नोट पोस्ट किया

**लिखा पसंद एक ही रखो, चाहे वह मिले या ना मिले; पुलिस ने आत्महत्या से बचाया**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , एकतरफा प्रेम में परेशान 24 साल का युवक फेसबुक पर सुसाइड करने का पोस्ट कर घर से निकल गया। पोस्ट में युवक ने रात अपनी जीवनलीला समाप्त करने की बात लिखी थी। सोशल मीडिया का पोस्ट सामने आने के बाद किसी ने इसकी सूचना डायल 112 पर दे दी। लखनऊ स्थित पीआरओ सेल से परीक्षितगढ़ थाना पुलिस को सूचना भेजी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे और युवक की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने समय रहते युवक को खोज निकाला और उसे बचा लिया।पुलिस की तत्परता से एक परिवार उजड़ने से बच गया। मामला परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र के गांव अल्लीपुर आलमपुर का है। यहां रहने वाला मोनू पुत्र श्रीपाल (24) किसी युवती से एकतरफा प्रेम करता था। जानकारी के अनुसार, युवती की ओर से प्रेम प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाने के बाद से वह परेशान चल रहा था। इसी परेशानी के चलते उसने आत्महत्या करने की योजना बना ली। सोमवार रात मोनू ने फेसबुक पर पोस्ट डाली पोस्ट पर लिखा पसंद एक ही रखो चाहे वह मिले या ना मिले और अपनी जान देने निकल गया। एक व्यक्ति ने मामले की जानकारी डायल 112 को दी।पीआरओ सेल लखनऊ से मिली सूचना के बाद परीक्षितगढ़ थाना प्रभारी केदार सिंह ने मामले को गंभीरता से लिया।

वह पुलिस टीम के साथ तत्काल गांव अल्लीपुर आलमपुर पहुंचे। पुलिस ने युवक की तलाश शुरू की और कुछ ही देर में उसे खोज निकाला।इसके बाद पुलिसकर्मियों ने मोनू से बातचीत की और उसे समझाने का प्रयास किया।

# वृंदावन बना परिसर सूर्य एवं चंद्रवंश की कथा सुनकर भक्तगण हुए भाव विभोर

## भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव में झूम कर नाचे श्रोतागण

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर , जनपद के यमुना तटवर्ती क्षेत्र चांदपुर में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस भक्तों ने महोत्सव को महा महोत्सव के रूप में परिवर्तित कर दिया कथा मंच पर विराजमान सरस कथा वाचक पंडित करुणेश जी महाराज ने सर्वप्रथम सूर्यवंश का विस्तृत व्याख्यान किया कथा व्यास ने भक्तों को बताया कि अयोध्या के चक्रवर्ती सम्राट दशरथ जी निसंतान थे जहां शमीक कृषि के सुपुत्र श्रृंगी ऋषि के द्वारा पुत्रेष्टि यज्ञ संपन्न कराई गई तथा महलों में भगवान महारानी कौशल्या कैकेई तथा सुमित्रा के पुत्र के रूप में अवतरित हुए कुल गुरु वशिष्ठ ऋषि द्वारा नामकरण संस्कार किया गया जिसमें बड़े पुत्र का नाम राम क्रमशः भरत लक्ष्मण तथा शत्रुघ्न रखा गया समय बीतने पर मुनि विश्वामित्र की यज्ञ रक्षा हेतु भगवान श्री राम तथा लक्ष्मण गए जहां गुरु विश्वामित्र से शिक्षा दीक्षा प्राप्त करते हुए मिथिला की धनुष यज्ञ में पहुंचकर वैदेही सीता के साथ स्वयंवर संपन्न किया भगवान श्री राम के साथ-साथ अन्य सभी भाइयों के विवाह संपन्न हुए वही कालांतर में कैकेई द्वारा मांगे गए दो वचन के आधार पर भगवान श्री राम लक्ष्मण तथा माता सीता को 14 वर्ष का वनवास हुआ जहां लंका पति रावण द्वारा पंचवटी में पहुंचकर माता सीता का हरण सुग्रीव मित्रता लंका दहन समेत लंका के सम्राट रावण को भगवान द्वारा समूल नष्ट कर देने की कथा भक्तों ने श्रवण की वही सूर्यवंश की कथा के पश्चात द्वापर युग की कथाओं में कथा व्यास ने प्रवेश किया जहां मथुरा के राजा उग्रसेन के पुत्र कंस के अत्याचार से पूरा मथुरा एवं ब्रजमंडल भयभीत हो उठा कथाव्यास ने बताया कि बहन देवकी का विवाह बटेश्वर के महाराज सूर्य सेन के पुत्र वसुदेव के साथ हुआ जहां आकाशवाणी को सुनकर अत्याचारी कंस ने अपनी बहन का वध करना चाहा निवेदन करने के पश्चात बहन तथा जामाता को कारागार में डाल दिया था उसके एक-एक करके 6 पुत्रों का वध कर दिया सातवां पुत्र का लोप करके माता रोहिणी के गर्भ में पहुंचाया गया जहां बलराम जी का अवतार हुआ वही आठवें पुत्र के रूप में स्वयं त्रिभुवन पति भगवान विष्णु ने देवकी के पुत्र के रूप में अवतार लिया तथा वासुदेव जी ने मां यमुना को पैदल पार करते हुए नंद गांव में यशोदा जी को सौंपा वही यशोदा मैया के सैय्या में उपस्थित कन्या को लेकर राजा कंस को सौंप दिया अत्याचारी कंस ने उसका भी धरती पर पटक कर वध करना चाहा परंतु वह आकाश मंडल पर विलीन हो गई उधर प्रातः काल होते ही समूचे नंद गांव में ढिंढोरा पिट गया कि मैया यशोदा ने एक पुत्र को जन्म दिया है घर-घर बधाई बजने लगी समूचे नंद गांव में हर्षोल्लास मनाया गया ठीक इसी प्रकार चांदपुर में भी समूचे प्रांगण अंतर्गत बैठी महिलाएं पुरुष एवं सभी भक्तों में जन्मोत्सव का उत्साह देखने को मिला व्यास मंच से सुंदर-सुंदर सोहर कीर्तन सुनकर सभी भक्त आनंद से झूम उठे हुए देर शाम महा आरती के पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया इस मौके पर कथा के प्रमुख परीक्षित कृष्णा देवी सरजू प्रसाद पाण्डेय प्रियंका प्रमोद पाण्डेय जयकरन सिंह भूरा सेंगर वेद शुक्ला रामनरेश सेंगर प्रेम नारायण अवस्थी विनोद गौतम मोहित पवन पाण्डेय समेत भारी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण मौजूद रहे

# मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट

## लाठी-डंडे और पत्थर चले, एक पक्ष के 3 सदस्य हिरासत में

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , कविनगर थाना क्षेत्र के विवेकानंद नगर में देर रात मामूली बात को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। पहले दोनों के बीच कहासुनी हुई, फिर विवाद बढ़ने पर पथराव और लाठी-डंडों से मारपीट शुरू हो गई। अचानक हुए हंगामे से कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया और इलाके में शांति व्यवस्था कायम की। मामले में दीपक की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने नसीम, उसकी पत्नी और दोनों बेटों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### कहासुनी के बाद बढ़ा विवाद

जानकारी के मुताबिक, विवेकानंद नगर में रहने वाले दीपक और नसीम के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। दोनों एक ही कॉलोनी में रहते हैं। शुरूआत में दोनों के बीच कहासुनी हुई, लेकिन कुछ ही देर में मामला बढ़ गया। आरोप है कि नसीम ने दीपक पर पत्थर फेंके और लाठी-डंडों से हमला किया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट और पथराव होने लगा। हंगामा बढ़ने पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए।

### दीपक की शिकायत पर केस दर्ज

सूचना मिलने पर कविनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने दीपक की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में नसीम, उसकी पत्नी और दोनों बेटों को हिरासत में लिया गया है। एसीपी उपासना पांडेय ने बताया कि विवेकानंद नगर में दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। दीपक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भाई ने भाई को उतारा मौत के घाट

## रात को दोनों भाई में विवाद हुआ, 8 घंटे तक लहूलुहान पड़ा रहा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , भाई ने भाई की हत्या कर दी। दोनों के बीच देर रात विवाद हुआ था। इसी विवाद में एक भाई ने दूसरे भाई को सिर में चोट मार दी। करीब 7 से 8 घंटे युवक लहूलुहान स्थिति में पड़ रहा, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। मौत की सही वजह क्या है यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चलेगी। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जे-ब्लॉक पांडव नगर का है। अब पूरा मामला विस्तार से जानिए पुलिस के अनुसार, जे ब्लॉक पांडव नगर में इंदर कुमार का परिवार रहता है। इंदर कुमार की मौत हो चुकी है। वर्तमान में उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी (कमलेश) अपने दो बेटे अनिकेत और अविरल के साथ रहती हैं। तीसरी बेटा नितिन शास्त्रीनगर में अपने परिवार के साथ रहता है। बताया जाता है कि रात करीब 11 बजे अनिकेत और अविरल के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसी दौरान अविरल ने बड़े भाई 35 वर्षीय अनिकेत के सिर में सिलबट?टे का पत्थर उठाकर सिर में मार दिया, जिसमें वह लहू लुहान होकर वहीं पर गिर गया। लहूलुहान घर में पड़ा रहा अनिकेत किसी तरह विवाद शांत हो गया लेकिन अनिकेत को इलाज कराने के लिए कोई डॉक्टर के यहां नहीं ले गया। शाम करीब 6 बजे मोहल्लेवासियों को पता चला कि अनिकेत की मौत हो गई है। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दे दी। कुछ ही देर में सिविल लाइन थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके से ही अविरल को भी हिरासत में लेकर थाने भिजवा दिया गया।

### फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया

एसएचओ सिविल लाइन गौरव कुमार विश्नोई ने बताया कि प्रथम दृश्य मौत की वजह चोट के बाद उपचार न मिलाना सामने आ रही है। फॉरेंसिक टीम को जांच के लिए बुलाया गया है। शव मोर्चरी भिजवाया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत की सही वजह पता चल सकेगी। सिर में पीछे की तरफ गहरा घाव दिखाई पड़ रहा है।

### अक्सर दोनों भाइयों के बीच होता था विवाद

क्षेत्र के लोग बताते हैं कि अक्सर दोनों भाइयों के बीच शराब पीने के बाद विवाद हुआ करता था। इस बार भी उनके बीच विवाद हुआ। लगा था कि जिस तरह हर बार शांत हो जाते हैं इस बार भी शांत हो जाएंगे लेकिन इस बार मामला इतना गंभीर हो जाएगा किसी को नहीं पता था। रविवार रात भी शराब पीने के बाद ही दोनों के बीच विवाद हुआ था।अविरल ने घर का ताला किया अंदर से बंद अनिकेत की मौत के बाद मां लक्ष्मी देवी बदहवास है।

# इस्माइल हत्याकांड के चार आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस मुठभेड़ में दो के पैर में लगी गोली, चोरी के इरादे से की थी हत्या**

अमन लेखनी समाचार



जेवर,ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में रविवार देर रात पुलिस ने मुठभेड़ के बाद इस्माइल हत्याकांड के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो आरोपी घायल हो गए, जबकि उनके दो साथियों को तलाशी अभियान के दौरान पकड़ा गया। घायल आरोपियों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपियों ने 8 नवंबर को चोरी के इरादे से नहर किनारे खेत में जाने और वहां इस्माइल की हत्या करने की बात कबूल की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तमंचे, कारतूस, दो मोटरसाइकिल और वारदात में इस्तेमाल होने वाले कुछ औजार बरामद किए हैं।

### मुठभेड़ में दो आरोपी घायल, दो को तलाशी अभियान में पकड़ा

घटना देर रात करीब 12 बजे की है। रबूपुरा पुलिस ने मुठभेड़ के बाद चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो आरोपियों के पैर में गोली लगी। वहीं, उनके दो साथियों को पुलिस ने तलाशी अभियान चलाकर पकड़ लिया घायल आरोपियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया हैपुलिस ने आरोपियों के पास से दो .315 बोर के तमंचे, दो खोखे और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

# ग्रेटर नोएडा में बाइक पार्किंग को लेकर महिला को पीटा

## बीच-बचाव करने आए किराएदारों से भी मारपीट, बाइक से की तोड़फोड़

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बिसरख गांव में मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि कहासुनी के बाद युवक ने महिला को कई थप्पड़ मारे। बीच-बचाव करने आए किराएदारों के साथ भी मारपीट की गई और उनकी मोटरसाइकिल तोड़ दी गई। घटना रविवार शाम बिसरख थाना क्षेत्र की है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### पार्किंग को लेकर शुरू हुआ विवाद

स्थानीय लोगों के मुताबिक, बिसरख गांव में बाइक खड़ी करने को लेकर महिला और युवक के बीच कहासुनी हुई थी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। आरोप है कि युवक ने महिला को थप्पड़ मारे। महिला को बचाने के लिए किराएदार बीच में आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई। उनकी मोटरसाइकिल में तोड़फोड़ भी की गई। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस की कार्रवाइ घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। बिसरख थाना प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# जमीन के नाम पर धोखाधड़ी का आरोपी बिल्डर गिरफ्तार

## तीन महिलाओं को फर्जी दस्तावेजों से प्लॉट बेचने का आरोप

अमन लेखनी समाचार



जेवर,ग्रेटर नोएडा में जमीन के नाम पर 18 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में वांछित बिल्डर अनुराग प्रताप राय को दनकौर कोतवाली पुलिस ने दोपहर 1 बजे गिरफ्तार किया।पुलिस के मुताबिक, उसे शाम 5 बजे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया आरोपी सेक्टर-168 स्थित गोल्डन पाम सोसाइटी का निवासी है। वह यूपीएल होम्स और यूटीएल इंफ्रा रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड का निदेशक है पुलिस के मुताबिक, दिल्ली के ईस्ट विनोद नगर निवासी राखी निंबा ने 29 अक्तूबर 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि दनकौर देहात में कंपनी की डिलाइट होम्स परियोजना के तहत 100 वर्ग गज का प्लॉट खरीदा था। इसके लिए चेक और बैंक ट्रांसफर से कंपनी को 18 लाख रुपये दिए थे।30 जून 2023 को प्लॉट की रजिस्ट्री भी कराई गई थी। जांच में सामने आया कि आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर यमुना प्राधिकरण की ओर से अधिसूचित जमीन का रकबा बढ़ाकर दिखाया। आरोप है कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर राखी निंबा, मीनाक्षी गोयल और जसमीत कौर को प्लॉट बेचे गए। इसके बाद आरोपी कार्यालय बंद कर और पते बदलकर फरार हो गया था।

# खेत पर चारा लेने गए 20 वर्षीय युवक पर बाघ का हमला, दर्दनाक मौत से पसरा मातम

अमन लेखनी समाचार



लखीमपुर खीरीः पलिया थाना क्षेत्र के खुशीपुर गांव में सोमवार दोपहर एक खौफनाक हादसा सामने आया, जहां खेत पर पशुओं के वास्ते चारा काटने गए 20 वर्षीय युवक को बाघ ने अपना निवाला बना लिया। इस भयानक हमले में युवक की मौके पर ही जान चली गई, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत और परिजनों में कोहराम मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान गांव निवासी राजकुमार के पुत्र रोहित के रूप में हुई है। सोमवार दोपहर रोहित अपने साथियों अनुज, रामू और शिवानी के साथ खेतों की तरफ गया था। बताया गया कि खेत में बाघ ने पहले से ही एक जंगली सुअर का शिकार कर रखा था और चारों की आहट पाकर वहां से हट गया था। लेकिन कुछ देर बाद जब बाघ अपने शिकार के पास लौटा, तो रोहित उसकी चपेट में आ गया और बाघ ने उस पर अचानक जानलेवा हमला कर दिया। साथियों के शोर मचाने पर बाघ वहां से भागा, तब तक रोहित गंभीर रूप से घायल हो चुका था। इस दर्दनाक घटना के बाद ग्रामीणों में वन विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इलाके में वन्यजीवों का खतरा लगातार बना रहता है, लेकिन विभाग द्वारा सुरक्षा के कोई ठोस और स्थायी इंतजाम नहीं किए गए हैं। उधर, घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और पलिया रेंजर विनय कुमार ने बताया कि क्षेत्र में लगातार कांबिंग व निगरानी की जा रही है। जवान बेटे की अचानक हुई इस मौत से पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मतदाता जोड़ो अभियान को लेकर भाजपा की कार्यशाला

## राजकुमार सिंह चौहान ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में भरा जोश

अमन लेखनी समाचार



हरदोई। भारतीय जनता पार्टी की ओर से मतदाता जोड़ो अभियान के तहत हरदोई विधानसभा की कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें विधानसभा प्रभारी राजकुमार सिंह चौहान ने सहभागिता कर पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने और अधिक से अधिक पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने पर जोर दिया। कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष सौरभ सिंह गौर, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मधुर मिश्रा, विधानसभा मतदाता सूची प्रमुख संतोष पाण्डेय, शशांक सिंह एवं प्रांतीय परिषद सदस्य अजीत उपाध्याय प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मंडल प्रवासी, शक्ति केंद्र संयोजक एवं प्रभारी सहित अपेक्षित पदाधिकारी और कार्यकताओं ने सहभागिता की। कार्यशाला में मतदाता सूची को दुरुस्त कराने, नए मतदाताओं को जोड़ने तथा अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी बनाने को लेकर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कार्यकताओं से संगठन की मजबूती के लिए पूरी सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ अभियान में जुटने का आह्वान किया।

# सीनियर सिटीजन संस्थान ने मेधावी छात्र हृदयांश सक्सेना को 5100 रुपये देकर किया सम्मानित



अमन लेखनी समाचार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला में माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में छठवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाने वाले मेधावी छात्र हृदयांश सक्सेना को सीनियर सिटीजन संस्थान की ओर से सम्मानित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. लखपत राम वर्मा, सचिव डॉ. रविंद्र नाथ वर्मा एवं संरक्षक रवि प्रकाश वर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में छात्र को 5100 रुपये की नकद धनराशि प्रदान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने की। डॉ. लखपत राम वर्मा ने छात्र की उपलब्धि की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि संस्थान मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के साथ निर्धन छात्र-छात्राओं और बुजुर्गों की आर्थिक मदद भी करता है। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य लखपत भारती, डॉ. अनिल कुमार, अशोक कुमार वर्मा, ओम प्रकाश यादव सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। संचालन देवेंद्र सिंह ने किया।

# खैरीगढ़ में अग्निकांड का तांडव, दो ग्रामीणों के आशियाने जलकर खाक

## प्रशासन ने दिया मुआवजे का भरोसा

अमन लेखनी समाचार



सिंगाही खीरी- सिंगाही थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत खैरीगढ़ में अचानक अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। इस दर्दनाक अग्निकांड की चपेट में आकर दो घर पूरी तरह जलकर राख हो गए। हादसे में स्थानीय निवासी मुन्ना लाल विश्वकर्मा समेत एक अन्य परिवार की जीवन भर की जमा-पूंजी और पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई, जिससे दोनों परिवार अब खुले आसमान के नीचे आ गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, खैरीगढ़ निवासी मुन्ना लाल विश्वकर्मा के घर से अचानक आग की ऊंची लपटें और काला धुआं उठता देख पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। शोर-शराबा सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उसने देखते ही देखते पास के एक अन्य घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने बिना समय गंवाए पास के हैंडपंपों, और बाल्टियों की मदद से पानी डालना शुरू किया। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास और घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका, जिससे आग को गांव के अन्य घरों में फैलने से रोक लिया गया। हालांकि, जब तक आग पूरी तरह बुझाई गई, तब तक दोनों घरों में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जलकर राख हो चुका था। अग्निकांड की सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान सुखदेव सिंह और क्षेत्रीय लेखपाल मुन्ना राना ने मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आग से हुई कुल क्षति का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की। इस दौरान ग्राम प्रधान व लेखपाल ने रोते-बिलखते पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि पीड़ित परिवारों को दैविक आपदा राहत कोष व शासन की ओर से मिलने वाली सभी सरकारी सुविधाओं और उचित आर्थिक मुआवजे का पूरा लाभ जल्द से जल्द दिलाया जाएगा।

# 180 करोड़ रुपये गन्ना भुगतान बकाया, भाकियू अमन संधू और चढ़ूनी ने ज्ञापन सौंपकर नए सत्र की पर्चियां रोकने की उठाई मांग





अमन लेखनी समाचार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड गोला चीनी मिल पर किसानों का पिछले पेराई सत्र का करीब 180 करोड़ रुपये गन्ना मूल्य बकाया होने के विरोध में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन अमन संधू और भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ने संयुक्त रूप से आवाज बुलंद की। राष्ट्रीय अध्यक्ष अमनदीप सिंह संधू और जिलाध्यक्ष बलकार सिंह के नेतृत्व में किसान नेताओं ने गोला तहसील पहुंचकर नायब तहसीलदार धनंजय सिंह को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद सहकारी गन्ना विकास समिति गोला के सचिव बलवंत सिंह चौधरी को भी ज्ञापन देकर मांग की गई कि जब तक किसानों का पिछला संपूर्ण गन्ना मूल्य भुगतान नहीं हो जाता, तब तक नए पेराई सत्र की गन्ना पर्चियां और इंडेंट जारी न किए जाएं। ज्ञापन में कहा गया कि मिल प्रबंधन के आश्वासन के बावजूद किसानों को भुगतान नहीं मिला है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। बैंक ऋण की किस्तें जमा न होने से खाते एनपीए होने और जमीन नीलामी की नौबत आ रही है। अमनदीप सिंह संधू ने कहा कि किसान अपनी मेहनत की कमाई मांग रहा है, कोई खैरात नहीं। उन्होंने आगामी पेराई सत्र में गन्ने का मूल्य 600 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करने तथा गलत गन्ना सर्वे और सट्टों को तत्काल दुरुस्त कराने की मांग भी की। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो किसान शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान राम कुमार वर्मा, उत्तम यादव, शहीद खान, जाबिर प्रधान, मनदीप सिंह, यसपाल सिंह भदौरिया सहित दोनों संगठनों के पदाधिकारी और तमाम किसान मौजूद रहे।

# मानवी हत्याकांड: चार दिन बाद भी कातिल का सुराग नहीं, सात टीमें खाक छान रहीं; एसपी का जल्द खुलासे का दावा

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज/हरदोई। लोनार थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव में मासूम मानवी की निर्मम हत्या का मामला चार दिन बाद भी अनसुलझा है। 13 नवंबर की दोपहर घर के बाहर प्राथमिक विद्यालय के पास खेलते समय लापता हुई बच्ची का शव दो दिन बाद गांव से करीब 500 मीटर दूर बगीचे की झाड़ियों में मिला था। पिता ध्यान सिंह यादव का कहना है कि वह उसी बगीचे में करीब दस बार बच्ची की तलाश कर चुके थे, लेकिन उस समय शव नहीं मिला था। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि शव बाद में वहां कैसे पहुंचा? क्या हत्या कहीं और कर शव झाड़ियों में फेंका गया? बच्ची के गाल पर कटने के निशान मिले, जबकि शरीर पर जंगली जानवरों के नोचने के निशान नहीं थे और कपड़े भी सुरक्षित थे। आशंका जताई जा रही है कि हत्यारा गांव या आसपास का परिचित हो सकता है, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। मंगलवार को आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दी और जल्द खुलासे का भरोसा दिलाया। एसपी अशोक कुमार मीणा ने हत्यारे तक पहुंचने के लिए सात विशेष टीमें गठित की हैं। एसओजी और सर्विलांस टीम भी जांच में जुटी हैं। एएसपी पश्चिमी अखिलेश सिंह और सीओ हरपालपुर प्रवीण यादव की निगरानी में संदिग्धों से पूछताछ और मोबाइल कॉल डिटेल खंगाली जा रही है। पुलिस जल्द खुलासे का दावा कर रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। परिजनों और ग्रामीणों को आश्वासन नहीं, बल्कि हत्यारे की गिरफ्तारी का इंतजार है।

# खैरीगढ़ और उद्यौनगर के घाटों पर भोर से ही जुटने लगे श्रद्धालु व्रती महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि व संतान की दीर्घायु की कामना की

अमन लेखनी समाचार



सिंगाही खीरी -सूर्योपासना और लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का सोमवार को सिंगाही क्षेत्र में पूरे भक्तिभाव, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ समापन हो गया। ग्राम खैरीगढ़ और उद्यौनगर स्थित प्रमुख घाटों व जलाशयों पर उगते हुए सूर्य देव को अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व के अंतिम दिन पूरा क्षेत्र छठी मैया की भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। सोमवार सुबह से पहले ही व्रती महिलाएं, पुरुष और बच्चे सिर पर पूजा की टोकरी (दउरा) व सूप लेकर घाटों की ओर निकल पड़े। कुछ ही देर में खैरीगढ़ और उद्यौनगर के घाट श्रद्धालुओं से खचाखच भर गए। घाटों पर महिलाओं द्वारा गाए जा रहे ₹कांच ही बांस के बहंगिया₹ जैसे छठी मैया के पारंपरिक लोकगीतों से पूरा वातावरण गुंजायमान और भक्तिमय हो उठा। जैसे ही पूर्व दिशा में सूर्य देव की पहली लालिमा और किरण दिखाई दी, कमर तक पानी में खड़ी व्रती महिलाओं ने दूध और जल से भगवान भास्कर को विधिवत अर्घ्य देकर नमन किया। इसके पश्चात व्रतियों ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु और क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते हुए अपना 36 घंटे का कठिन निर्जला उपवास खोला। महापर्व को लेकर स्थानीय लोगों और खासकर बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। पूजा-अर्चना और हवन के बाद घाट पर मौजूद सभी लोगों ने एक-दूसरे को छठ महापर्व की बधाइयां दीं। अंत में श्रद्धालुओं के बीच ठेकुआ, गन्ना और मौसमी फलों का महाप्रसाद वितरित किया गया।

# गरौठा में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय की स्थापना की मांग

**जन जागरण सेवा संस्थान(रजि०) गुरसरांय ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

अमन लेखनी समाचार



गरौठा। तहसील क्षेत्र में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर जन जागरण सेवा संस्थान रजि० गुरसराय ने मंगलवार को जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी गरौठा सुनील कुमार के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश सरकार द्वारा झांसी जनपद की पिछड़ी तहसील गरौठा में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय प्रस्तावित है। क्षेत्रीय विधायक जवाहर लाल राजपूत भी विद्यालय की स्थापना गरौठा में कराने के लिए प्रयासरत हैं। इसके लिए विभिन्न स्थानों पर भूमि का निरीक्षण भी किया जा चुका है। संस्थान ने कहा कि विद्यालय की स्थापना से ग्रामीण एवं बीहड़ क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक शिक्षा की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि राजस्व विभाग भूमि चयन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर विद्यालय की स्थापना गरौठा तहसील के ग्रामीण क्षेत्र में सुनिश्चित कराए। ज्ञापन में अभय त्रिपाठी (अध्यक्ष) जगजीवन मिश्रा (उपाध्यक्ष) रामभरोसे पेंटर, योगेश व्यास, राजकुमार गुप्ता, अरविंद्र सोनी, राजीव कुमार, अनुज द्विवेदी, रवि कौशल, चंद्रमणि, आकाश सोनी, उमाशंकर मिश्रा, मोहित मिश्रा, रमेश पटेरिया, धीरेन्द्र शर्मा, अश्वनी पस्तोर, एडवोकेट आशीष चतुर्वेदी, एडवोकेट विपिन द्विवेदी, सुशील पाठक, आनंद पाठक, मिथलेश नामदेव, चन्द्रप्रकाश सहित अन्य लोगों के हस्ताक्षर थे।

# माधौगंज एफपीओ में विदेशी प्रतिनिधिमंडल ने देखीं आधुनिक कृषि तकनीकें, खेती के नवाचारों और भावी योजनाओं की ली जानकारी

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज/हरदोई। माधौगंज एफपीओ में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल और एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज की टीम ने दौरा कर आधुनिक कृषि सुविधाओं, उन्नत खेती के साधनों और कृषि नवाचारों का अवलोकन किया। प्रतिनिधिमंडल में मार्स, जीआईजेड, जीआईजेड इंडिया, नीदरलैंड्स की आरवीओ, पवित्रामेंथे फेयर ऑर्गेनिक, आईएसईएएल और सस्टेनेबल फूड लैब के प्रतिनिधि शामिल रहे। इनमें कोरी गिलमैन, ऐनी क्नीडलर, इसाबेल वाइट्जेल, नीतीश कुमार, मारियोलेन विंक, इशु पाठक, मारियाना बास्तोस, मॉली लीवेंस और स्टेफनी डेनियल्स प्रमुख रूप से मौजूद रहीं। एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज की ओर से वाइस प्रेसिडेंट मुकेश कुमार, मार्केट लिंकेज हेड सुजीत कुमार और क्लस्टर हेड अमित सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। एफपीओ के डायरेक्टर विभांशु गोस्वामी, विकास अवस्थी, सुखवीर यादव, प्रफुल्ल गोस्वामी, साधना तिवारी और आरती ने अतिथियों का स्वागत किया। नेशनल एग्रो फाउंडेशन के अमित कुमार भी मौजूद रहे। एफपीओ के सीईओ शिवम यादव ने कृषि क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों और उपलब्धियों की जानकारी दी। वहीं एग्री एक्सपीरियंस सेंटर के संचालक विनोद यादव ने केंद्र की कार्यप्रणाली समझाते हुए आगामी कृषि योजनाओं से प्रतिनिधियों को अवगत कराया। विदेशी प्रतिनिधियों ने एफपीओ के प्रयासों और आधुनिक कृषि व्यवस्थाओं को करीब से देखा।

# पलिया विधायक रोमी साहनी ने किया छठ घाटों का दौरा, व्रती महिलाओं को बांटी मिठाइयां

अमन लेखनी समाचार



लखीमपुर खीरीः लोक आस्था के महापर्व छठ के पावन अवसर पर पलिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोमी साहनी ने खजुरिया से लेकर इब्राहिमपुर तक विभिन्न छठ घाटों का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और व्रती महिलाओं व श्रद्धालुओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। दौरे के क्रम में विधायक ने बिजुआ, पलिया और बांकेगंज ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले कई छठ घाटों का रुख किया। वहां उन्होंने व्रत रखने वाली महिलाओं और उपस्थित श्रद्धालुओं को हेजलनट की मिठाई वितरित की और सभी को इस महान पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। घाटों पर निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैठने के इंतजाम और सुरक्षा संबंधी पुख्ता प्रबंधों का बारीकी से मुआयना किया। उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं और प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए आयोजकों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। छठ घाटों पर विधायक के पहुंचते ही स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस दौरान उपस्थित महिलाओं ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं और आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और पार्टी कार्यकर्ता भी उनके साथ मौजूद रहे।

# गोपाष्टमी पर गौशालाओं में गूंजे जयकारे, श्रद्धालुओं ने गौमाता को गुड़ के लड्डू खिलाकर किया पूजन

माधौगंज/हरदोई। गोपाष्टमी के पावन पर्व पर श्री राधा कृष्ण गौशाला में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से गौमाता का पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान रामदेवी ओमर, कस्तूरी देवी ओमर, सुलोचना माहेश्वरी और उर्वशी माहेश्वरी ने गौमाता को गुड़ के लड्डू एवं भोजन खिलाया। कार्यक्रम में दिनेश त्यागी, जीतू ओमर, अखिलेश गुप्ता और नवल माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में गोभक्त मौजूद रहे। इसी क्रम में ग्राम पंचायत दौलतयारपुर की अस्थायी गौशाला में भी गोपाष्टमी श्रद्धा के साथ मनाई गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सोनू ने गौमाता का पूजन कर उन्हें हरा चारा और लड्डू खिलाए। श्रद्धालुओं ने गौसेवा को पुण्य का कार्य बताते हुए गौमाता की सेवा और संरक्षण का संकल्प लिया।

# अमित मिश्रा सर्वसम्मति से विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष निर्वाचित

अमन लेखनी समाचार



फूलबेहड़, खीरी। उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्रंट नंबर-12 की विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) का गठन सोमवार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। प्राथमिक विद्यालय केतकहिया में दोपहर 12 बजे आयोजित बैठक में अभिभावकों, शिक्षकों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। बैठक में अभिभावकों ने सर्वसम्मति से अमित मिश्रा को विद्यालय प्रबंध समिति का अध्यक्ष चुना। उनके अध्यक्ष निर्वाचित होने पर उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया और बधाई दी। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक सचिन चौधरी सहित अन्य सम्मानित लोग मौजूद रहे। बैठक में विद्यालय के शैक्षिक विकास, बच्चों की पढ़ाई, साफ-सफाई, अनुशासन, खेलकूद और मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अभिभावकों ने नई समिति को पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमित मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय को बेहतर बनाने और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सभी के सहयोग से मिलकर कार्य किया जाएगा।

# भाजपा अनुसूचित मोर्चा की जिला कार्यालय में हुई प्रथम बैठक

भीरा खीरी। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय लखीमपुर खीरी में अनुसूचित मोर्चा की प्रथम जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने की। वहीं अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रमोद चौधरी सहित जिले की संपूर्ण टीम मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि अजय मिश्र टेनी ने अनुसूचित मोर्चा की पूरी टीम को अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर कार्यकताओं का फूल-मालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर उत्साह देखने को मिला।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक –**
**श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक –**
**रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address**
**amanlekhaninews@gmail.com**



## रामायण अब चीन, जापान रूस व दक्षिण कोरिया में होगी रिलीज

मुंबई। देशभर में रणबीर कपूर की रामायण की आंधी चल रही है। फिल्म देश के साथ विदेशों में भी अच्छा कलेक्शन कर रही है। वर्ल्डवाइड 1200 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। अब रामयाण के मेकर्स इस फिल्म को रूस और पूर्व एशिया में बड़े स्तर पर रिलीज करने की प्लानिंग कर रहे हैं। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक अब नितेश तिवारी की रामायण 2027 के मार्च तक चीन, जापान, दक्षिण कोरिया में रिलीज की जाएगी। बताया जा रहा है कि फिल्म रामायण को चीन में रिलीज करने के लिए पहले ही उनके सेंसर बोर्ड के पास भेज दिया गया है। चीन में कुछ हिंदी फिल्मों को देश से भी ज्यादा अच्छा रिस्पॉन्स मिला है।



## हॉलीवुड मसाला



### द ओडिसी में निभाई मुख्य भूमिका

लॉस एंजिल्स। फिल्म इंडस्ट्री में कई ऐसी फिल्में हैं, जो कलाकारों के करियर का खूबसूरत हिस्सा बन जाती हैं। कुछ फिल्में अपने बड़े बजट और शानदार कहानी के लिए जानी जाती हैं, तो कुछ अपने निर्देशक और कलाकारों की मेहनत के चलते खास बन जाती हैं। ऐसी ही एक फिल्म है क्रिस्टोफर नोलन की 'द ओडिसी', जिसमें हॉलीवुड अभिनेता मैट डेमन मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म में काम करने को लेकर अभिनेता ने अपनी खुशी जाहिर की है। उनका कहना है कि वह अपनी पूरी जिंदगी इस तरह के मौके का इंतजार कर रहे थे।



### जेडेन- लैमी 54 साल का फासला और प्यार के चर्चे

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड अभिनेता रैपर जिमर जेडेन स्मिथ का नाम खुद से 54 साल बड़ी महिला के साथ जोड़ा गया है। खास दें कि जेडेन विल्लज हॉलीवुड एक्टर विल स्मिथ के बेटे हैं। जेडेन को लेकर ऐसी अफवाह हैं कि वे 82 वर्षीय गिलेन लैमी को डेट कर रहे हैं। इनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं, जिससे इस तरह की अटकलें शुरू हुईं। जेडेन सिर्फ 28 वर्ष के हैं। 82 साल की ग्रेस फैलन एक्ट्रेस/सिंगर गिलेन लैमी के साथ उनका नाम जोड़ा जा रहा है। दोनों की कुछ तस्वीरों में ऐसे एंगल्स को हवा दी है, जिसमें दोनों करीबी अंदाज में दिख रहे हैं। कुछ सोशल मीडिया पोस्ट में तो यह दावा तक किया जा रहा है कि दोनों ने सगाई कर ली है। इस बीच इनके बीच उम्र के बड़े फासले ने लोगों को हैरान कर दिया है।



## समुक में अक्षय के सामने खूंखार राक्षस

मुंबई। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय एक बार फिर दर्शकों के सामने कुछ नया और रोमांचक लेकर आने की तैयारी में है। दरअसल, अभिनेता अपनी आने वाली फिल्म 'समुक' को लेकर चर्चा में आ गए हैं। सोमवार को फिल्म का पहला लुक जारी कर दिया गया है, जिसमें अक्षय कुमार एक ऐसे दुश्मन से मुकाबला करते नजर आ रहे हैं, जो इंसान नहीं, बल्कि एक खौफनाक रहस्यमयी जीव है। फिल्म की पहली झलक ने कहानी को लेकर दर्शकों के मन में उत्सुकता बढ़ा दी है। इसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म में जबरदस्त एक्शन, रोमांच और डर का मेल देखने को मिलने वाला है। फिल्म के मेकर्स ने इसके पहले लुक के साथ एक दिलचस्प कैप्शन भी शेयर किया है। इसमें लिखा है, 'दुश्मन इंसान नहीं है, लेकिन लड़ाई इंसानियत के लिए है।



## सस्पेंस-थ्रिलर 'प्यादे' का पोस्टर रिलीज...

नई दिल्ली। जिमी शेरगिल जल्द ही सस्पेंस-थ्रिलर फिल्म 'प्यादे' में नजर आने वाले हैं। मेकर्स ने इस अपकमिंग फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया है। इसमें जिमी शेरगिल के अलावा अध्ययन सुमन और प्रनूतन बहल नजर आ रहे हैं। पोस्टर में नजर आ रहा है कि जिमी शेरगिल बैठे हैं। उनके दोनों तरफ पुलिस वाले बैठे हैं। उनके पीछे फिल्म के दूसरे कलाकार बैठे हैं। सबके ऊपर एक हाथ है। हाथ में डोरी बंधी है और वह डोरी सभी कलाकारों से बंधी हुई है। ऐसा लगता है, जैसे सभी कलाकार को कोई अपने इशारे पर चला रहा हो। पोस्टर में सबसे आगे दो प्यादे रखे हैं। पोस्टर में सबसे पीछे दो इमारतें दिखाई गई हैं। एक में आग लगी है। दूसरी सरकारी इमारत लग रही है। 'प्यादे' को शेखर एस. झा ने लिखा और निर्देशित किया है। इसके निर्माता रिंकू सिंह हैं।

## टीवी मसाला



### ढाई चाल सीरीज में दिखेगा सत्ता और सियासत का खेल

नई दिल्ली। ओटीटीवर जल्द ही एक बार फिर जंग और सियासत की बिसात बिछने वाली है। टीजर लॉन्च के बाद अब जियो हॉटस्टार ने अपनी अगली स्ट्रेट पॉलिटिकल ड्रामा सीरीज ढाई चाल का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। इस ट्रेलर में ताज रणनीति से लेकर धोखे और साजिशों की झलक नजर आई है। 'ढाई चाल' खुलने पर सिंहासन में सजने पहले शतरंज का खेल शुरू आता है और अब यही खेल ओटीटी पर खेले जाने वाला है। हाल ही में ढाई चाल सीरीज का ट्रेलर रिलीज किया गया है। सीरीज के ट्रेलर सत्ता के जंगल को दो साथी पर सामने लाता है। ट्रेलर में दिखाया है कि किस तरह से शिक्षा मंत्री को हटाने के लिए जंग शुरू होती है। वहीं, वैभव में छात्र नेता मयूर अरुद्धाज का सामना अपने पुराने मेंटर और युवा नेता सार्थक शर्मा से होता है। कहानी की शुरुआत तब होती है, जब स्कूल के बोर्ड मयूर, सूफिया और अरुण जयपुर के एक कॉलेज में एडमिशन लेते हैं। कॉलेज के पहले ही दिन हुई एक झड़प मयूर को छात्र राजनीति की दुनिया में खींच लाती है, जहां वह अपने दम पर अपनी पहचान बनाता है। लुकाछिपी बातचीत के जरिए सामाजिक जुड़ी को उठाता और फिर छात्र राजनीति का एक नया रंग इस ट्रेलर में दिखाता है और यही कहानी इसमें हमें नजर आई है। आपको बता दें कि ढाई चाल में में नवल अरोड़ा, मयूर मरद्धाज, अखिल अफर खान सलोनी शर्मा, अंकित सिंकर, सिकंदर खेरीवाल, राजेश कुमार राजवेश सिंह, परितोष चैल श्याम जोशी, अंजलि तवारी समेत कई सितारे नजर आएंगे।

### बिग बॉस में माही ने गंवाई लाइफलाइन

नई दिल्ली। बिग बॉस 20' के 'वीकेंड का वार' में इस हफ्ते कोई एलिमिनेशन नहीं हुआ, लेकिन दर्शकों के जबरदस्त वोट मिलने के बावजूद माही विज को अपनी दो लाइफलाइन में से एक गंवानी पड़ी। वहीं, खानजादा खान ने फरिहाना भट्ट, तान्या मित्तल और एक्साउट ओपी को फटकार लगाई। 'बिग बॉस 20' के होस्ट 'वीकेंड का वार' में एलिमिनेशन की प्रक्रिया के बैकग्राउंड एक बैकग्राउंड वाला टिकर देखने को मिला। इस हफ्ते घर के लगभग सभी सदस्य नॉमिनेटेड थे, इसलिए दर्शक बेसब्री से यह जानने का इंतजार कर रहे थे कि किसका ऊपर खतरा होगा। एक तरफ, जहां एलिमिनेशन को लेकर सस्पेंस बरकरार था, वहीं, खानजादा खान ने शो के दौरान इस जानकारी पर विराम लगा दिया और बताया कि इस हफ्ते कोई बेघर नहीं होगा। इसके अलावा बॉलीवुड सुपरस्टार ने यह भी बताया कि माही विज की एक लाइफलाइन खत्म हो गई है। सलमान एलिमिनेशन से बचने में कामयाब रहे हैं और 'बिग बॉस 20' के घर में अपना सफर जारी रखेंगे।



## रामायण में राजा माली समेत सात किरदार निभा रहे टीवी के खतरनाक खलनायक

*नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश जैसे सितारों के साथ कई ऐसे कलाकार भी जुड़े हैं, जिनके काम के बारे में दर्शकों को ज्यादा जानकारी नहीं है। इनमें से एक अभिनेता तेनल हजराज हैं। फिल्म में वह रावण के नाना राजा माली की भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन उनका किरदार सिर्फ इसी किरदार तक सीमित नहीं है।*

नई दिल्ली। अभिनेता ने खुलासा किया है कि उन्होंने फिल्म में कुल सात अलग-अलग किरदारों के लिए काम किया है। इनमें से छह भूमिकाएं उन्होंने मोशन कैप्चर तकनीक के जरिए निभाई हैं। वेतन हजराज ने यह जानकारी एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में साझा की।

बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि शुरुआत में उन्हें रावण के नाना राजा माली का किरदार मिला था। इस भूमिका की शूटिंग पूरी होने के बाद फिल्म की टीम ने उन्हें छह अन्य किरदारों के लिए भी चुना। इन सभी भूमिकाओं के लिए मोशन कैप्चर तकनीक का इस्तेमाल किया गया। अभिनेता ने बताया कि इन अतिरिक्त किरदारों में रावण के भाइयों में से एक और एक राक्षस की भूमिका भी शामिल है। उन्होंने साफ तौर पर कहा और खुलकर काम किया, जो फिल्म के अंतिम युद्ध वाले हिस्से में भगवान राम का पीछा करते दिखाई देते हैं। इन दोनों किरदारों के लिए उन्होंने मोशन कैप्चर के साथ पेरिफेशियल और परफॉर्मेंस कैप्चर का काम भी किया। फिल्म में वेतन का सबसे प्रमुख किरदार राजा माली है। यह रावण के नाना और कैकेसी के पिता का किरदार है। इस भूमिका के लिए अभिनेता को हर दिन लगभग मेकअप से गुजरना पड़ता था। उन्होंने बताया कि राजा माली का लुक तैयार करने में करीब चार घंटे लगते थे। प्रोस्थेटिक मेकअप के जरिए उनके चेहरे और शरीर को एक राक्षस राजा जैसा रूप दिया जाता था। वेतन ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि मेकअप की प्रक्रिया उनके लिए केवल थकाने वाली नहीं थी, बल्कि इससे उन्हें किरदार के भीतर जाने में बहुत मदद मिलती थी। उन्होंने अपनी भूमिका के लिए पहले से तैयारी की थी और राजा माली के बारे में पहले से पूरी रिसर्च की थी। इसके साथ ही उन्होंने अपने किरदार को लेकर निर्देशक नितेश तिवारी और निर्माताओं के साथ लगातार चर्चा की थी। इसी तैयारी के चलते वह अपने सभी किरदारों को अलग-अलग पहचान दे पाए।



## व्हाइट शर्ट व ब्लू जींस में दिखा दीपिका का क्लासी अवतार

*नई दिल्ली। मां बनने के बाद दीपिका पादुकोण पहली बार सार्वजनिक रूप से बाहर आईं। व्हाइट शर्ट और ब्लू जींस में उनका स्टाइल अंदाज चर्चा में है। अभिनेत्री जान्हवी और शांता ने दिखाई दोनों। बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण अपनी शानदार एक्टिंग के साथ-साथ फैशन सेंस के लिए भी जानी जाती हैं। रेड कार्पेट पर उनके ग्लैमरस लुक से लेकर रोजमर्रा के कैजुअल आउटफिट तक, हर अंदाज फैंस का दिल जीत लेता है। हाल ही में अभिनेत्री अपने एक बेहद स्टाइल लुक को लेकर चर्चा में आ गईं। मां बनने के बाद उनकी इस सार्वजनिक मौजूदगी ने फैंस का ध्यान खींचा। इस दौरान दीपिका ने किसी फ्लैशबैक आउटफिट या भारी-भरकम स्टाइलिंग के बजाय सफेद शर्ट और नीली जींस को चुना। दीपिका पादुकोण का यह लुक उन लोगों के लिए खास है, जो फैशन में सादगी को पसंद करते हैं। अभिनेत्री ने सफेद शर्ट के साथ ब्लू डेनिम पहनी। उन्होंने अपने आउटफिट को ज्यादा एक्सेसराइज या लाइमलाइट से सजाने के बजाय सहज और लिमिटेड रखा। आमतौर पर अपने स्टाइलिश और प्रयोगधर्मी फैशन विकल्पों से सुर्खियां बटोरने वाली दीपिका इस बार बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आईं। व्हाइट शर्ट और ब्लू जींस का कॉम्बिनेशन फैशन की दुनिया में कभी पुराना नहीं होता। दीपिका ने भी इसी क्लासिक स्टाइल को अपनाया।*



## एक्शन-थ्रिलर से लेकर रोमांस तक मनोरंजन का लगेगा तड़का

## इस सप्ताह ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। सिनेमाघरों में फिल्म 'रामायण' कमाल कर रही है। देश ही नहीं, दुनियाभर में यह कमाल दिखा रही है। वहीं, ओटीटी पर भी बीते हफ्ते फेस्टिव वीक में कई अच्छी फिल्मे और सीरीज रिलीज हुई। अब तीसरे वीक में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर क्या-क्या खास होगा? जानिए।*

### ढिंढोरा सीजन 2

भुवन बाम और संजीदा शेख की अदाकारी से सजी सीरीज 'ढिंढोरा' का दूसरा सीजन 20 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाला है। इसमें टिटू मामा परेशानी में फंसते हुए नजर आने वाले हैं। वहीं, संजीदा शेख ने उनकी पत्नी का रोल किया है।

### तीन तिगाड़ा

यह रोमांटिक ड्रामा वेब सीरीज भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। इसे दर्शक 20 नवंबर से जी5 पर देख सकेंगे। राजीव राज निर्देशित इस सीरीज में प्रसन्ना बिष्ट, दानिश रजवी और अदिति सारंगधर जैसे सितारे हैं।



### क्वीन

यह पॉलिटिकल ड्रामा शो है। इसे मंगेश कठाले ने बनाया है। उन्होंने ही निर्देशन किया है। सीरीज में शत्रुघ्न शर्मा, कर्तव्य राठौर, जावेद हुसैन और सुर्खी सेठ अहम भूमिकाओं में हैं। इसे दर्शक 16 नवंबर से जियो हॉटस्टार पर देख रहे हैं। यह सीरीज एक ताकतवर राजनीतिक परिवार, धोखे और सत्ता के खेल के खिलाफ एक महिला के संघर्ष पर आधारित है।

### मिस्टर एंड मिसेज ऑफिस

यह रोमांटिक कॉमेडी जॉनर है। इसका निर्देशन अद्वैत तवीज ने किया है। यह 14 नवंबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। बता दें कि यह एक कंप्लीट कॉमेडी और रोमांटिक सीरीज है। इसकी कहानी एक ऐसी लवीस्टोरी जोड़े पर आधारित है, जो घर पर पति-पत्नी हैं, लेकिन ऑफिस में अजनबी बनकर काम करते हैं। दोनों अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में संतुलन बनाने की कोशिश करते हैं।

### मैडेन

अगर स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म में आपकी दिलचस्पी है तो यह आपके लिए है। 'मैडेन' एक बायोग्राफिकल स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है। इसकी कहानी मशहूर अमेरिकी फुटबॉल कोच और कमेंटेटर जॉन मैडेन के जीवन पर आधारित है। दर्शक इसे 18 नवंबर से प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### दे बिल किल यू

यह एक एक्शन-हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जो 27 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। किरिल सोकोलोव निर्देशित 'दे बिल किल यू' को आप 20 नवंबर से प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। इसमें जाजी बीट्ज, पेट्रीसिया आक्वेंट, टॉम फेल्टन और हीथर ग्राहम अहम भूमिकाओं में हैं।